दैनिक

करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। मंगलवार 28 जनवरी-2025 | वर्ष : 10 अंक : 39 पेज-10 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3

गृह मंत्री अमित शाह ने प्रयागराज के अक्षयवट में की पूजा-अर्चना

प्रयागराज। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सोमवार को अपने परिवार के साथ प्रयागराज के महाकुंभ नगर स्थित पवित्र अक्षयवट मंदिर पहुंचे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य दो उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। अक्षयवट मंदिर में मुख्य पुजारी ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना की।

इस मौके पर अमित शाह और उनके परिवार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिलकर अक्षयवट आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इसके बाद अमित शाह ने मुख्यमंत्री और संत समाज के सदस्यों के साथ अक्षयवट की परिक्रमा की। उन्होंने आगामी महाकुंभ कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की।

अमित शाह के परिवार जिसमें उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटा जय शाह, बहू और पोते-पोतियां शामिल थे ने भी धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। गौरतलब है कि अक्षयवट का धार्मिक महत्व काफी ज्यादा है जैसा हिंदू ग्रंथों जैसे पुराणों और महाभारत में भी उल्लखित है। माना जाता है कि भगवान राम ने अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान इस पेड़ के नीचे ध्यान किया था।

इससे पहले अमित शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दो उपमुख्यमंत्रियों और साधु-संतों के साथ संगम में स्नान किया और अपने परिवार के साथ-साथ नागरिकों की भलाई के लिए प्रार्थना की।

महानगर पैनल में नाम भेजने के अलावा सांसद अतुल गर्ग ने नहीं लिया कोई इंट्रेस्ट

दखल होती तो मंडल में भी होती, करो इस बात का ट्रस्ट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और वो इस समय गाजियाबाद की सियासत के मास्टर स्ट्रोक चेहरे हैं। राष्ट्रीय राजनीति वाले फ्रेम में और संगठन उन्हें बड़ी जिम्मेदारियों दे रहा है। वो राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ तीन देशों की शासकीय यात्रा पर गये थे। वो दिल्ली प्रदेश चुनाव के सह प्रभारी हैं। अतुल गर्ग अब गाजियाबाद की राजनीति में वो चेहरे हैं जिनके बोलने के भी मायने हैं और जिनकी खामोशी के भी मायने हैं। महानगर अध्यक्ष को लेकर उन्होंने पहले दिन से कहा था कि इसमें जनप्रतिनिधियों की दखल नहीं होनी चाहिए। हालांकि उनके विचार से भाजपा के कई चेहरे सहमत नहीं थे। अब ये चर्चा चल रही है कि क्या महानगर अध्यक्ष वाली घोषणा में अतुल गर्ग ने कोई भूमिका निभाई है। चर्चा ये है कि उन्होंने महानगर वाले नाम को लेकर दिल्ली से वीटो लगा दी है। चर्चा ये भी चली कि वो दो वैश्य चेहरों के नाम पर एक बड़ी लक्ष्मण रेखा खींच देंगे, लेकिन यहां अतुल गर्ग के समर्थक ऐसी किसी भी चर्चा से इनकार कर रहे हैं। उनका

कहना है कि हमें यकीन नहीं है और वो ये तर्क दे रहे हैं कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने महानगर अध्यक्ष वाले गेम में इंट्रेस्ट ही नहीं लिया। उन्होंने पैनल में अपने नाम भेजे और यहां पर ये तर्क दिया जा रहा है कि वो महानगर वाली राजनीति के फ्रेम से खुद को दूर रखकर चल रहे हैं। वो स्थानीय राजनीति में नहीं उलझना चाहते। बताया जा रहा है कि यदि वो इंट्रेस्ट लेते तो फिर वो मंडल वाले गेम में भी इंट्रेस्ट लेते। यदि उन्हें कोई दखल देनी होती तो फिर मंडल चुनाव में भी उनकी दखल होती। वो शहर विधानसभा से लेकर साहिबाबाद, मुरादनगर और लोनी में भी दखल देते, लेकिन उन्होंने मंडल वाले चुनाव में कोई रूचि नहीं ली। किसी नाम की पर्ची उन्होंने नहीं दी। वो चाहते तो मंडल वाले गेम में इंट्रेस्ट लेते और यहां नतीजे बदल जाते।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस चर्चा पर दैनिक करंट क्राइम से भी बातचीत में कहा कि मेरा रोल एक सांसद होने के नाते इतना है कि संगठन ने महानगर अध्यक्ष पद के लिये मुझसे तीन नामों का पैनल मांगा था और मैंने तीन नाम दिये। इसके अलावा ना कोई राय दी, ना कोई मशविरा दिया। जब ये बात हुई कि सुना है कि आपने दो नामों को लेकर वीटो लगाई है तो यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि जिन दो लोगों की बात हो रही है मैं स्पष्ट कर दूं कि मैंने उनके विरोध में एक भी शब्द नहीं बोला। यहां ये भी बात सत्य है कि ना विरोध में कुछ कहा और ना समर्थन में कुछ कहा। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं, संगठन सर्वोपरि है और एक अनुशासित कार्यकर्ता होने के नाते मैं इस बात को कह रहा हूं कि पार्टी जिसे भी अध्यक्ष बनाएगी मैं उसी के नेतृत्व में काम करूंगा। पार्टी जिस किसी नाम पर भी अध्यक्ष पद की मुहर लगाएगी मैं उनके गले में पुष्प हार पहनाकर उनका स्वागत करूंगा।

एनडीआरएफ गाजियाबाद : कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद स्थित 8वीं बटालियन एनडीआरएफ के कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी को इस वर्ष 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर इनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और 27 वर्ष की बेदाग सेवा के सम्मान में सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया हैं।

बता दें कि तिवारी जी ने वर्ष 1997 में बतौर सहायक कमाण्डेंट, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में शामिल हुए। इन्होंने देश के विभिन्न भागों (लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड आदि) में राष्ट्र की सेवा की है।

इसके बाद वह वर्ष 2020 में प्रतिनियुक्ति पर बतौर कमाण्डेंट एनडीआरएफ गाजियाबाद में शामिल हुए। तब से लेकर इन्होने कई आपदा ऑपरेशनों में भाग लिया और अनेक लोगों की जान बचाई। इनके नेतृत्व में 8वीं बटालियन एनडीआरएफ ने अभी तक लगभग 300 से अधिक बचाव अभियान सफलतापूर्वक चलाए, जिसमें 3000 से अधिक पीड़ितों को बचाया गया।

पूर्व में भी इनके कार्यकाल में वर्ष 2022 में 8वीं बटालियन एनडीआरएफ को आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

26 जनवरी पर नहीं हुई कोई बड़ी घटना

अधिकारियों ने ली राहत वाली सांस

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से बड़ी संख्या में फोर्स महाकुंभ प्रयागराज में गया हुआ है। तो वहीं 26 जनवरी पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सैकड़ो कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति भी सामान्य रही। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के किसी भी जोन में अपराध की कोई ऐसी घटना नहीं हुई, जिससे सनसनी फैली।

साथ ही शांतिपूर्वक राष्ट्रीय पर्व भी संपन्न हो गया। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 26 जनवरी और अन्य त्यौहारों को लेकर कुछ दिन पहले ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-163 लागू कर दी गई थी।

अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने दो दिन चलाया चेकिंग अभियान

करंट क्राइम : गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया था। तो बीते दो दिन पुलिस के अधिकारियों और चौकी प्रभारियों से लेकर थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में अतिरिक्त गश्त और चेकिंग अभियान चलाए। इसके साथ ही रात के वक्त चौकी पर तनाव पुलिसकर्मियों को बीट की जिम्मेदारी सौंप गई थी ताकि किसी प्रकार की कोई वारदात ना हो।

इसके साथ ही तीनों ही जोन में पुलिस के अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस फोर्स को एक्टिव रखने के निर्देश दिए गए थे।

मोबाइल टावर से चोरी करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार, विदेश में बेचते थे सामान, 25-25 हजार का था इनाम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई में दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी देश के 10 राज्यों में मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चोरी कर विदेश में बेचने का धंधा करते थे। दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में नंदग्राम निवासी 24 वर्षीय कासिम और 26 वर्षीय फरहान शामिल हैं। पूछताछ में पता चला कि कासिम 5वीं तक पढ़ा है और प्लास्टिक के सामान की दुकान पर काम करता था। वहीं 12वीं पास फरहान फर्नीचर का काम करता था, लेकिन बेरोजगारी के चलते अपराध की राह पर चल पड़ा। यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब और मध्य प्रदेश में जियो और एयरटेल के मोबाइल टावरों से आरआरयू, बीबीयू और अन्य उपकरण चुराता था। चोरी का माल दुबई और कंबोडिया में बेचा जाता था। आरोपियों से बरामद किए गए रेडियो रिसीवर यूनिट और बेसबैंड यूनिट की कीमत करीब 25 लाख रुपए है।

पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के 47 सदस्य पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। यह गिरफ्तारी अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

जब बड़े भाई ने ली परेड की सलामी तो छोटे भाई का फूल गया गर्व से सीना

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के छोटे भाई अजय शर्मा ने कहा - पूरे गांव के लिये गौरव का पल है

अजय शर्मा हैं सफल व्यवसायी मगर कभी नहीं किया भाई की राजनीति में हस्तक्षेप

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के छोटे भाई अजय शर्मा सफल व्यवसायी हैं। वो राजनीतिक विषयों पर चर्चा भी करते हैं, लेकिन अपने भाई की राजनीति में उन्होंने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। किसी भी मंच पर किसी भी कार्यक्रम में वो कभी आगे नहीं आते। गाजियाबाद के किसी राजनीतिक मंच पर उन्हें कभी नहीं देखा जाता है। सबसे बड़ी बात है कि अजय शर्मा सफल व्यवसायी हैं और बेहद विनम्र डाउन टू अर्थ व्यक्ति हैं। यहां तक कि उन्होंने कभी अपने भाई के नाम का इस्तेमाल कहीं कारोबार में भी नहीं किया। अन्य कभी किसी जगह नाम नहीं लेते। ये एक बड़ी मिसाल है वरना परिवार का एक व्यक्ति विधायक हो तो पूरा परिवार अपने वाहनों पर विधायक लिखवा लेता है, परिचय देने लगता है, लेकिन ये पारिवारिक मूल्य हैं, ये संस्कार हैं कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के भाई कभी इन बातों में नहीं दिखाई देते।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अपने जब तरक्की करते हैं तो कई सपने पूरे होते हैं। एक सपना होता है कि कोई अपना शीर्ष पर पहुंचे और इस पल को बहुत करीब से बहुत शिद्दत से महसूस किया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के छोटे भाई अजय शर्मा ने। उन्होंने अपनी भावनाओं का इजहार किया और पूरे गांव को इस खुशी में शामिल किया। सुनील शर्मा तीन बार के विधायक है और अब वो कैबिनेट मंत्री हैं। जिस जनपद में उन्होंने सियासत की शुरूआत की। जिस जनपद में उन्होंने संघ के स्वयंसेवक से अपना सफर शुरू किया उस जनपद में जब उन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली तो उनके समर्थकों को अपार खुशी हुई और उनके छोटे भाई अजय शर्मा का सीना गर्व से फूल गया।

ये लाजमी भी था क्योंकि एक परिवार और उस परिवार का एक सदस्य जब अपने शहर में मेहनत करते हुए इस मुकाम पर आए तो खुशी होती ही है। वो जनपद जहां कभी परेड को दर्शकों में बैठकर देखा और उसी परेड में चीफ गेस्ट हो जाना मानो किसी सपने का सच हो जाना है।

सुनील शर्मा के हिस्से में ये गौरव आया और जब उन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में परेड की सलामी ली तो हर वो व्यक्ति जो उनसे जुड़ा है वो गौरान्वित महसूस कर रहा है था और एक भाई का प्यार दिखाई दिया जब अजय शर्मा ने लिखा कि मेरे लिये, हमारे पूरे गांव के लिये ये गौरव का पल है। हम जब 40 साल पहले अपने गांव पतला निवाड़ी से शहर आए थे तब नहीं सोचा था कि एक किसान, एक अध्यापक का बेटा, एक मामूली सा संघ का स्वयंसेवक भी परेड की सलामी लेगा। यही लोकतंत्र है, यही गणतंत्र है। ये शब्दों में एक भाई का प्यार झलक रहा है। ये पारिवारिक मूल्य हैं और एक भाई की खुशी को समझा जा सकता है।

सी. एम. ग्रिड के चल रहे कार्यों का जायजा लेने पहुंचे नगर आयुक्त, धीमी गति को रफ्तार देने के दिए कड़े निर्देश

स्ट्रोम वॉटर ड्रेनेज का कार्य हुआ शुरू

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सी एम ग्रिड के चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया नगर आयुक्त मोहन नगर चौराहा पहुंचे मौके पर स्ट्रोम वॉटर ड्रेनेज का कार्य चलते हुए मिला टीम तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य की धीमी रफ्तार को तेज करने के लिए कड़े निर्देश भी दिए गए मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता देशराज, अवर अभियंता विनोद व अन्य उपस्थित रहे।

हिंडन एयर फोर्स से लेकर मोहन नगर चौराहे तक 1760 मी सड़क का भव्य सौंदर्यकरण के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसका निरंतर नगर आयुक्त मौके पर जायजा ले रहे हैं, नगर आयुक्त के नेतृत्व में 900 मी शेषनाग द्वारा से एलिवेटेड रोड तक सड़क का कार्य भी सी एम ग्रिड योजना में प्रारंभ होगा जिसके लिए सभी कार्य योजनाएं तैयार हो चुकी हैं मोहन नगर चौराहे पर सभी यूटिलिटी के कार्य भी प्रारंभ हो चुके हैं नगर आयुक्त द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश टीम को दिए।

गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए चल रहे कार्यों का नगर आयुक्त स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर रफ्तार देने का कार्य कर रहे हैं, इसी क्रम में मोहन नगर चौराहे पर शुरू हुए 80 मी स्ट्रोम वॉटर ड्रेनेज के कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया।

भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने कराई 7 बेटियों की शादी

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरापुरम में सात जोड़ों ने एक-दूजे का हाथ थामा और अग्नि के सात फेरे लेकर सात जन्मों तक साथ रहने का वचन लिया। वहीं इंदिरापुरमवासियों ने बाराती बनकर जोड़ों को आशीष दिया। सामूहिक विवाह का आयोजन अनंत रॉयल डायमंड फार्म कनावनी में भारतीय विकास परिषद मुख्य शाखा इंदिरापुरम द्वारा कराया गया था। भारत विकास परिषद के द्वारा इस बार 4वां सामूहिक विवाह है।

इन 4 सालों में क्लब के द्वारा कई दर्जनों जोड़ों का विवाह बिना दहेज के कराया गया। शादी में वैवाहिक जोड़े को घर के सामान सहित रसोई का सामान, सिलाई मशीन, बैंड इत्यादि भेंट स्वरूप दिए गए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बहुत से गरीब परिवार की लड़कियों की शादी पैसों के कारण धूमधाम से नहीं हो पाती है। ऐसी ही कन्याओं की शादी का बीड़ा भारत विकास परिषद उठाता है और उनके सुखी भविष्य जीवन की मंगल कामना के साथ उनकी शादियां करवाता है। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सदस्य पवन गौतम, नीरज गुप्ता हंरनदी महानगर संघचालक, प्रदीप कुमार,

विभाग प्रचार प्रमुख आशीष राय नोएडा विभाग प्रचार प्रमुख हरीश शर्मा, डां युवराज शर्मा, राजकुमार जैन, गौरव मित्तल, पार्षद अनिल तोमर, पार्षद घीरज अग्रवाल, पार्षद राधेश्याम त्यागी।

कार्यक्रम संयोजक हेमन्त कुमार वाजपेयी ने बताया कि सात घोड़ी पर सवार दुल्हों की बैण्ड बजा ढ़ोल के साथ भव्य बारात का अद्भुत नजारा देखने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ा लगभग 1200 लोगो ने कन्यादान किया। स्वस्थ समाज और समाज के विकास के लिए कुरीतियों को खत्म करने की जरूरत है। इन अवसर पर अरूण शर्मा, विनिता वाजपेयी, रविन्द्र तिवारी, रिचा वालिया, अनुपम वाघवा, अंजना सिंह, मनीषा वाघवा, निशा मित्तल, सुमित मित्तल, पंडित राहुल तिवारी, नीतू कौशिक, अदिति मलिक, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस पर खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने किया ध्वजारोहण

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका खोड़ा में चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने ध्वजारोहण किया और सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत का संविधान देश मे लोकतंत्र की नींव है तथा सभी भारतीयों को समान रूप से जीने और आगे बढ़ने का अवसर देती है। हमें अपने अधिकारों के साथ ही साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये राष्ट्र के विकास की भागीदारी में अपना योगदान देना चाहिए। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार ने भी सभी को संविधान लागू होने की इस वर्षगाँठ पर सभी को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर देशभक्ति गीतों एवं संवादों से देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जेई नवनीत गुप्ता, सनी, सियानंद, अभिषेक, अभिकांत, राजवीर शर्मा और समस्त पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

गंगा वैली फार्म एंड कॉटेज का हुआ शुभारंभ

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दिल्ली से एक घंटे की दूरी पर स्थित गंगा वैली प्रोजेक्ट का शुभारंभ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व मंत्री डी.पी यादव व हरेंद्र सिंह तेवतिया विधायक गढ़मुक्तेश्वर के द्वारा किया गया, इस अवसर पर डॉ. संजीव गर्ग, पूर्व विधायक कमल मलिक व प्रमोद नागर जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़, वर्षा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष बदायूं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि डी.पी यादव जी ने अपने विचार रखते हुए हमें प्रकृति से प्रेम करने व आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ व तनाव रहित रखने के लिए लोगों को इस प्रकार के वातावरण में रहने के लिए कहा, उन्होंने कहा गांव में रहने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य शहरों से अच्छा रहता है, क्योंकि वो प्रकृति के नजदीक रहते हैं और परिश्रम करते हैं, गंगा वैली में आकर शहर के लोग भी साफ हवा, धूप व पानी मिल सके, प्रोजेक्ट के बारे में आयोजकों ने बताया की दिल्ली, गाजियाबाद एन.सी.आर के लोगों के सिर्फ एक घंटे की दूरी पर गंगा वैली स्थित है, यहां पर लोग फार्म हाउस में कॉटेज खरीद कर अपना सेकंड होम बना सकते हैं और प्रत्येक वीकेंड पर अपने परिवार सहित आकर रह सकते हैं जहां पर अनेक प्रकार के प्रदूषण से राहत मिलेगी और शहरों की तेज जिंदगी से मुक्ति मिलेगी, उनके स्वास्थ्य के साथ उनके कार्य क्षमता भी बढ़ेगी, यूरोप व यू.एस के लोग इसी प्रकार का जीवन जीते हैं, पांच दिन का काम दो, दिन पूरा आराम, प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानने के लिए आप कंपनी में संपर्क कर सकते हैं, इस अवसर पर मेहमानों के लिए घोड़ा गाड़ी, ऊंट गाड़ी व घोड़ियों का डांस व बच्चों के लिए जादूगर व संस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की जिसमें मनोज गुप्ता प्रधान संपादक करंट क्राइम, आमोद गुर्जर जिला पंचायत अध्यक्ष, जितेंद्र यादव पूर्व

एमएलसी, स्थानीय प्रधान प्रमुख व कॉरपोरेट सेक्टर के कई व्यापारी भी शामिल रहे, कार्यक्रम का आयोजन फाइव इंफ्रा कंपनी के डायरेक्टर सिकंदर यादव, रवि कुरील, रोहित प्रताप, संजय व यतेंद्र चौधरी ने सभी का धन्यवाद किया।

बाबूगढ़ छावनी के लोग पानी निकासी की समस्या से परेशान

कपिल पाल ने लगाई सांसद से गुहार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर पंचायत बाबूगढ छावनी में वार्ड नं 6 व 7 में लगभग 800 घरों का पानी एक ही नाली में चल रहा हैं। नाली ओवर फलो हो जाने के कारण जल भराव रहता है। आगे जाकर यह पानी पूराने एन०एच० 09 पर जो नाला बना हैं वह पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से अधूरा पड़ा है। पानी की निकासी न होने के कारण सर्विस रोड पर भी जल भराव की समस्या बनी रहती है। बरसात के समय में आम जनता को आने जाने की समस्या रहती है व विद्यालय में जाने वाले बच्चों को गन्दे नाले के पानी से होकर गुजरना पडता है। कलोनी में रहने वाले नागरिकों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ता है। इस नाले में पूर्व में 2 व्यक्तियों की गिरने से मृत्यु हो चुकी हैं व एक सेवानिवृत सेनिक नारायण सिंह इसी नाले में गिर कर उनका कुल्हा टूट गया था। इस सम्बंध में नगरपंचायत बाबूगढ़ के अधिशासी अधिकारी पूर्व में दो बार पत्र महाप्रबंधक निदेशक भारतीय रास्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण मुरादाबाद को पत्राचार कर चुके हैं, जिस पर आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है।

महाकुंभ में योगेश त्रिपाठी ने पिता सुरेश चंद्र त्रिपाठी एवं परिवार के साथ लगाई आस्था की डुबकी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। महाकुंभ 2025 प्रयागराज में योगेश त्रिपाठी ने अपने पिता सुरेश चंद्र त्रिपाठी एवं परिवार के साथ चार दिन का प्रवास किया। पिता ने संगम स्नान के उपरांत महाकुंभ में सुन्दर व्यवस्था को देखकर जब कहा - धन्यवाद योगी जी। इस शब्द को सुनकर आसपास संगम पर खड़े लोगो ने तुरंत समर्थन करते हुए कहा कि आप सही कह रहे है यह सब सुंदर व्यवस्था योगी आदित्यनाथ ही कर सकते हैं सभी भक्तों के लिए महाकुंभ में फ्री भोजन, फ्री जलसेवा, फ्री आवागमन बस सेवा एवं साफ सफाई व्यवस्था जैसे कार्य बड़े सुन्दर तरीके से किए जा रहे हैं। योगेश त्रिपाठी ने महाकुंभ में विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद सनातन धर्म के अनुसार बैठकर ग्रहण किया। भोजन प्रसाद ग्रहण के उपरांत सभी महात्माओं को योगेश त्रिपाठी ने दक्षिणा भेंट की। प्रत्येक दिन महाकुंभ में परिवार के साथ विभिन्न अखाड़ों एवं पण्डालों में महात्माओं से भागवत महापुराण, रामकथा ,अखंड रामायण पाठ, वेदमंत्रों को सुनने एवं संतों का सानिध्य मिलता रहा। ज्ञान और वैराग्य के अदभुत संगम में विश्वकल्याण की कामना करने वाला सनातन धर्म का दुनिया में अनोखा आध्यात्मिक महाकुंभ है। हमारा विशेष आग्रह है कि महाकुंभ प्रयागराज में हर सनातनी विचारक को अवश्य डुबकी लगाना चाहिए।

सेवा भारती वैशाली महानगर ने किया 'एक चित्र राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कौशांबी सेंट्रल पार्क में सेवा भारती वैशाली महानगर सहमंत्री वरुण शर्मा व समाजसेवी डॉ आचार्य कृति शर्मा द्वारा एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 170 से ज्यादा प्रतिभागियों ने तीन श्रेणियों में भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व महापौर आशु वर्मा, भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, वैशाली महानगर के महानगर संघचालालक माखन लाल शर्मा, निरवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, राजन आर्य, सेवा भारती के महानगर सहमंत्री वरुण शर्मा, उपाध्यक्ष रुकमकेश, सुरिंदर गोयल और डॉ आचार्या कृति शर्मा, सुनीता परवाल, संगीता श्रीवास्तव, अशोक परवाल, मंजु यादव आदि मौजूद रहे। इस मौके पर आशु वर्मा मानसिंह गोस्वामी ने कौशांबी के वरिष्ठ समाजसेवियो को सम्मानित किया, विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। वही अंतरिक्ष ग्रीन्स अपार्टमेंट में गणतंत्र दिवस पर आरडब्लूए ने ध्वजारोहण कार्यक्रम किया। इर देश भक्ति गानों पर बच्चो में प्रस्तुति दी। संगीत श्रीवास्तव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश के संविधान की स्थापना और उसके अवशेषों को दशार्ता है। 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के साथ ही हमारा देश एक लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। यह हमें हमारी अधिकारिता, स्वतंत्रता और समानता की याद दिलाता है।

सोसाइटी प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विशाल सोसाइटी सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद के सभी निवासियों ने 76वां गणतंत्र दिवस सोसाइटी प्रांगण में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्यों ने मिलकर ध्वजारोहण किया और गणतंत्र दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान अर्जुन सिंह, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, राकेश अग्रवाल, पन्ना लाल शर्मा , जाकिर हुसैन, आशुतोष तिवारी, दया नन्द शर्मा, बालकिशन आदि सभी सदस्य गण मौजूद थे।

पार्षद कुसुम गोयल ने किया ध्वजारोहण

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कौशांबी वैशाली से पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने ध्वजारोहण किया। वैशाली सेक्टर 1 हटवाला पार्क, सेक्टर एक कामना राधाकृष्ण पार्क, सेक्टर एक बुध विहार, कौशांबी, सेंट्रल पार्क पप्पू चौपाल, कौशांबी प्लॉट एरिया ए और बी ब्लॉक, सुमेर टावर, नीलगिरी, जयपुरिया एनक्लेव सोसाइटी में किइस। पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने कहा कि युवा शक्ति को आह्वान करते हुए भारतीय संस्कृति का संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संविधान की महत्ता पर कहा कि देश का संविधान राष्ट्र को संप्रभुता प्रदान करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षित होकर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

पी ब्लॉक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस हमें शहीदों की दिलाता है याद : राकेश शर्मा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पी ब्लॉक में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पी ब्लॉक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन संजय द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर खेलकूद प्रतियोगिता की गई।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा, पार्षद अजय शर्मा एवं भाजपा नेता नीरज त्यागी एवं विनीत त्यागी ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें आजादी दिलाने वाले शहीदों की याद दिलाता है जिनके कारण आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं। पार्षद अजय शर्मा ने कहा कि पी ब्लॉक में इतना विकास कार्य हुआ है जितना शहर के किसी वार्ड में नहीं हुआ है और भविष्य में भी होता रहेगा। बीजेपी नेताओं ने भी गणतंत्र दिवस को एक त्यौहार के रूप में मनाया जाने की अपील की। इस अवसर पर बच्चों की तीन आयु वर्ग में दौड़ प्रतियोगिताएं, महिलाओं के लिए बेलन फेक चम्मच नींबू दौड़, म्यूजिकल चेयर एवं रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों ने कला प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथियों की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित एवं प्रतियोगिता में शामिल विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर उत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सुभाष शर्मा, अजय त्यागी, रामपाल सिंह, संजय त्यागी, रविंद्र सिसोदिया, अरविंद शर्मा, रमेश यादव, राकेश खंडूरी, कविता चौहान एवं आसिफ हुसैन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन अजय त्यागी ने किया।

76वें गणतंत्र दिवस पर महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर किया ध्वजारोहण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज और महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया जिस पर संयुक्त रूप से नरेंद्र भारद्वाज और विजय चौधरी ने कहा की गणतंत्र दिवस पर ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का बनाया हुआ संविधान लागू किया गया था तथा पूर्ण आजादी मिली इसीलिए हर वर्ष हम गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मानते हैं और कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान की रक्षा करने के लिए देश के साथ खड़ी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सोनल नागर ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजयपाल चौधरी, बलराज सिंह चावड़ा, गौरव कौशिक, अमित भारद्वाज, हाजी खुर्शीद, प्यारे चौधरी, रेखा मकवाना, डॉ राधिका श्रीवास्तव, हरीश गोयल, रियाज अहमद, लक्ष्मण जाटव, संजय सिरोही, सिराजुद्दीन सिराज, रफीक कुरैशी, कासिम भाई, अनुज चौधरी, कशिश, गुर्जर अमित यादव, अमित शर्मा, फहीम, विनोद शर्मा, बाबूराम शर्मा, कासिम भाई, सीताराम, शेखर शर्मा, नरेश कंसल, अनुज चौधरी, रितेश कसाना, प्रेमचंद सैनी, नरेंद्र गुप्ता, सुनील भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 28 जनवरी - 2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Sanjeev Sharma

आज बिजली विभाग के समस्त अधिकारी चीफ इंजीनियर अधीक्षण अभियंता अधिशासी अभियंता के साथ बैठक की तथा विधान सभा क्षेत्र में व्याप्त समस्या से अवगत कराया तथा गर्मियों के लिए पहले से ही तैयारी रखने के निर्देश दिए

प्रदेश संगठन से आ गया नामित पार्षदों की लिस्ट को लेकर फरमान
30 जनवरी तक भेजे जाने हैं महानगर से पैनल के नाम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सरकार के बाद से ही इंतजार सरकारी कृपा का हो रहा है। नगर निगम का सदन आने के बाद से इस बात का इंतजार है कि नामित पार्षदों वाली सूची कब जारी होगी। अब ये इंतजार खत्म होने को है और सूत्र बताते हैं कि प्रदेश कार्यालय से नामित पार्षदों वाले पैनल के नाम मांग लिये गये हैं। ये नाम 30 जनवरी तक भेजे जाने हैं। नगर निगम के नामित पार्षदों से लेकर नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत से भी नामित सभासदों के नाम जाने हैं। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश संगठन से ये फरमान आ गया है कि अपने अपने पैनल के नाम भेजे जाने हैं। इसमें जिला संगठन, महानगर संगठन और क्षेत्रीय संगठन को नाम भेजने हैं। यहां से नाम जाएंगे और फिर प्रदेश स्तर पर ये नाम पहुंचने के बाद घोषणा होगी। फिलहाल 30 जनवरी तक नामों की ये सूची लखनऊ पहुंचनी है।

पर्यवेक्षक करेंगे कोर कमेटी के साथ बैठक और नामों पर लगेगी मुहर

नामित पार्षदों वाली सूची तैयार हो रही है। 30 जनवरी तक पैनल के नाम जाएंगे। इसके लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाएंगे। जो पर्यवेक्षक बनेंगे वो कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। कोर कमेटी में अलग-अलग छोर से नाम आएंगे और इन नामों पर सहमति बनेगी। कोर कमेटी के नाम ही लखनऊ जाएंगे।

नामित वाली लिस्ट में महिला-एससी-ओबीसी का सधेगा बैलेंस

नामित पार्षदों वाली लिस्ट तैयार हो रही है। पैनल के नाम मांग लिये गये हैं। कोर कमेटी में नामों पर मुहर लगेगी। सूत्र बताते हैं कि लिस्ट को लेकर भी निर्देश प्राप्त हो गए हैं। दस वाली कहानी में बैलेंस भी साधा जाना है, कोर को भी ये निर्देश है कि जब ये दस नाम फाइनल हो तो इसमें महिला कोटे का, एससी कोटे और ओबीसी कोटे का बैलेंस साधा जाए। दस नामों पर ये फैक्टर भी समावेश होना है।

जाते-जाते अध्यक्ष देंगे आते-आते नामितों के नाम

महानगर अध्यक्ष की घोषणा को लेकर लगातार भाजपा में सस्पेंस बना हुआ है। कभी ये तिथि तो कभी वो तारीख, कभी ये डेट, लेकिन कुछ सेट नहीं हो पा रहा है। अब जब नामित वाली लिस्ट तैयार हो रही है तो ये चर्चा भाजपा में उठ गई है कि क्या इसके मायने ये माने जाए कि अब महानगर अध्यक्ष की घोषणा 30 जनवरी के बाद होगी। इसके पीछे तर्क ये दिया जा रहा है कि भाजपा जाते-जाते अध्यक्षों से आते-आते नामितों के नाम लेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष अपने पद पर बने हुए हैं। नई घोषणा तक ये दोनों चेहरे अध्यक्ष रहेंगे। ऐसे में ये माना जा रहा है कि जाते-जाते अध्यक्ष नामित पार्षद बनकर आते-आते चेहरों के नाम देकर जाएंगे और चूंकि 30 जनवरी तक ये नाम दिये जाने हैं और तब तक ये माना जा रहा है कि अध्यक्ष अपने पदों पर बने रहेंगे और 30 के बाद ही महानगर वाली घोषणा होगी।

तो क्या शासन वालों ने कर दिया प्रशासन वालों को इनोवा कार देने से इनकार
दो कारों की भेजी गई थी डिमांड, पर नहीं भेजी शासन ने इनोवा कार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकगीत की बात करें तो बुलेरो कार का जलवा इस गाने में सुनाई देता है, लेकिन शासन और प्रशासन के पत्रों पर निगाह डालें तो जलवा इनोवा कार का है। प्रशासन वाले इनोवा कार चाहते हैं और शासन वालों ने उन्हें बुलेरो कार भेजी है।

किस्सा कलक्ट्रेट में गूंज रहा है और यहां बताया जाता है कि प्रशासन वालों की ओर से एक बुलेरो और एक इनोवा कार की डिमांड भेजी गई थी, लेकिन शासन से बुलेरो कार आई है और इनोवा कार के नाम पर इनकार हो गया है। प्रशासन के अधिकारियों के पास कार रहती है। कहीं नई कार है तो कहीं पुरानी कार है। कारों के ट्रेंड चेंज होते रहते हैं। फिलहाल जिलाधिकारी के पास इनोवा कार है और अन्य अधिकारियों के पास बुलेरो कार है। पहले आईएएस अधिकारियों के पास एम्बेसडर कार होती थी और एसडीएम स्तर के अधिकारी टाटा सूमो कार में चलते थे। समय के साथ रफ्तार बढ़ी है और फिर एम्बेसडर के स्थान पर जिलाधिकारी के पास शासन से इनोवा कार आ गई। एसडीएम भी सूमो से बुलेरो कार में आ गए। आईएएस अधिकारी के पास कौन सी कार रहेगी, पीसीएस अधिकारी के पास कौन सी कार रहेगी इसको लेकर शासन द्वारा मानक सेट किये गये। इन मानकों के अनुरूप ही अधिकारियों को गाड़ी उपलब्ध कराई जाती है। सूत्र बताते हैं कि प्रशासन वालों की ओर से कुछ दिन पहले शासन से दो गाड़ी की डिमांड की गई थी। इनमें एक इनोवा कार और एक बुलेरो कार मांगी गई थी। बताया जाता है कि शासन वालों ने प्रशासन वालों को इनोवा कार देने से इनकार कर दिया है। वहीं प्रशासन वालों की बुलेरो वाली डिमांड पूरी कर दी गई है और इनोवा कार पर इनकार हो गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय में दिखी अजब दण्ड की गजब की कहानी
जो थूकेगा दीवार पर उसे होगी समोसे के साथ चाय भी पिलानी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वच्छता अभियान वाले उत्तर प्रदेश में जागृति तो आई है, लेकिन अभी भी स्वच्छता को लेकर स्लोगन लगाने पड़ते हैं। बताना पड़ता है और सरकारी दफ्तरों में तो थूकने वालों से सब परेशान हैं।

दीवारें रंग देते हैं और परेशान होकर कहीं जुमार्ने के भी बोर्ड टांगने पड़ते हैं। अपील करनी पड़ती है कि यहां नहीं थूकना है। कहीं चेतावनी भी दी जाती है कि थूकने पर पांच सौ रुपए का जुमार्ना है।

कहीं ये राशि सौ रुपए भी है। लेकिन आज तक ये पता नहीं चला है कि थूकते हुए कौन पकड़ा गया और अब तक थूकने वालों से कितना जुमार्ना लिया गया। किसने दिया और किसने लिया ये भी एक राज है। फिलहाज जिला निर्वाचन विभाग ने

अजब दण्ड की गजब कहानी का सीन है। जिला निर्वाचन कार्यालय पर पान गुटखा थूकने वालों के लिये नया फरमान जारी हुआ है। यहां लिखा गया है कि यहां ना थूकें। स्वच्छता का ध्यान दें और जो अजब कहानी है वो ये है कि अगर समझाने के बाद भी पान या गुटखा थूका और थूकने वाला पकड़ा गया तो फिर उसे समोसे के साथ चाय भी पिलानी होगी।



यहां लिखा गया है कि पकड़े जाने पर चाय और समोसे का जुमार्ना लगेगा। हालांकि डाटा तो इस बात का भी नहीं आया है कि अभी तक कितने लोग पकड़े गए, कितने समोसे आए हैं और कितनी चाय पिलाई गई।

पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के लिए गणतंत्र दिवस मना इस वर्ष यादगार
- कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने पहुंचा पूरा परिवार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी राष्ट्र भक्ति वाले भाव से काम करते हैं। वो राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि मानते हैं। इस वर्ष 2025 में उन्होंने गणतंत्र दिवस को पूरी तरह यादगार बनाया है।

राजनीति में एक नई मिसाल दी है और उन्होंने इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर कश्मीर के लाल चौक पर अपने पूरे परिवार के साथ तिरंगा फहराया।

वो अपनी पत्नी पूर्व विधायक हेमलता चौधरी, वुडहिल के डायरेक्टर एवं पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के भांजे विवेक भाटी, पुत्र-पुत्रवधू और परिवार के सभी नन्हें-मुन्ने बच्चे कश्मीर पहुंचे।

वो 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर कश्मीर के लाल चौक पर थे। ये वही लाल चौक है जहां झंडा फहराने का अपना एक अलग संदेश है और इसी लाल चौक पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने एक अनूठा संदेश दिया। वो पूरे परिवार के साथ पहुंचे और उन्होंने एक तरह से अपनी पीढ़ियों को भी ये संदेश दिया कि देश से बढ़कर कुछ नहीं होता है।

राष्ट्रभक्ति सर्वोपरि है और हमें ये समझ लेना चाहिए कि 26 जनवरी और 15 अगस्त हर भारतीय के लिये एक पर्व है, एक त्योहार है, ये केवल कैलेंडर की तारीख नहीं है।

यहां प्रशांत चौधरी और उनके पूरे परिवार ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी है और इस पूरे परिवार ने देशभक्ति के संस्कार का संदेश कश्मीर के लाल चौक से दिया।

डीएसपी अनिल कुमार यादव को मिला सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक

Dsp Anil Kumar
14h

"2025 गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति पदक (Meritorious Services) प्राप्त करना मेरे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। यह उपलब्धि मेरे लिए नहीं, उन सभी लोगों के लिए है जिन्होंने मुझे सही मार्गदर्शन दिया और हर कदम पर मेरा साथ दिया।
आप सभी के सहयोग और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था।

आपके विश्वास और प्रेरणा के लिए हृदय से आभार। 🙏"



Like Comment Send

सोशल मीडिया पर मिली जमकर बधाइयां

गाजियाबाद, करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर वर्तमान में गौतमबुधनगर पुलिस कमिश्नरेट पीएसी में तैनात डीएसपी अनिल कुमार यादव को गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक दिया गया है। राष्ट्रपति पदक उनको प्रदान किया गया, जिससे वह गौरवांवित हुए हैं। तो वहीं उनको सोशल मीडिया से लेकर अनके स्टाफ के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों की ओर से शुभकामनाएं मिल रही हैं। इस मौके पर डीएसपी अनिल कुमार यादव ने सोशल मीडिया के अपने अकाउंट पर लिखा है कि गणतंत्र दिवस पर उन्हें राष्ट्रपति पदक प्राप्त होना उनके लिए गर्व और सम्मान का क्षण हैं। यह उपलब्धि मेरे लिए नहीं उन सभी लोगों के लिए हैं, जिन्होंने मुझे सही मार्गदर्शन दिया और हर कदम पर मेरा साथ दिया है। साथ ही डीएसपी अनिल कुमार यादव ने यह भी लिखा है कि आप सभी के सहयोग और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था, आपका विश्वास और प्रेरणा के लिए हृदय से आभारी हूँ।

वर्तमान में पीएसी में हैं तैनात

करंट क्राइम : अनिल कुमार यादव उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर तैनात हैं। वह इससे पहले गाजियाबाद में ट्रैफिक इंस्पेक्टर के पद पर लंबे समय तक तैनात रहे हैं। उनका प्रमोशन हुआ था और फिर वह पीएसी में चले गए थे और वर्तमान में नोएडा में उनकी पोस्टिंग है। अनिल कुमार यादव का गाजियाबाद से भी करेक्शन हैं, वह गाजियाबाद के शास्त्री नगर इलाके में रहते हैं और उन्होंने यहां लंबी पारी भी खेली है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें राष्ट्रपति पदक सराहनीय सेवाओं के लिए मिलने पर उनके मित्रों, पुलिस कर्मियों वरिष्ठ एवं कनिष्ठ साथियों ने उनको शुभकामना दी है।

कवि नगर की कमान संभालेंगे स्वतंत्र सिंह, तो इंदिरापुरम एसीपी बने अभिषेक श्रीवास्तव

अजय कुमार सिंह को अंकुर विहार का मिल सर्किल, तो भास्कर वर्मा एसीपी कानून व्यवस्था बनाए गए

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 26 जनवरी के दिन बहुप्रतीक्षित चल रही एसीपी की लिस्ट जारी हो गई। इस लिस्ट में चार एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिसमें लंबे समय से इंदिरापुरम की कमान संभालने वाले स्वतंत्र कुमार सिंह को एसीपी कवि नगर की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तो लंबे समय तक एसीपी कवि नगर रहे अभिषेक श्रीवास्तव को इंदिरापुरम का प्रभार सौंपा गया है। वहीं एसीपी कानून व्यवस्था अजय कुमार सिंह को अंकुर विहार का सर्किल दिया गया है। उनपर लंबे समय से अधिकारी भरोसा जाता रहे थे और अब उन्हें सर्किल का चार्ज दिया है।

तो वहीं अंकुर विहार के एसीपी भास्कर वर्मा को कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंप गई है। बताया जा रहा है उनसे अधिकारी एक मामले को लेकर नाराज जब चल रहे थे और उसकी सजा उन्हें मिली।

अभिषेक श्रीवास्तव और स्वतंत्र सिंह ने खेली है लंबी पारी

करंट क्राइम : इंदिरापुरम सर्किल में लंबे समय तक एसीपी रहे स्वतंत्र सिंह पुलिस कमिश्नरेट में एक ही सर्किल में लंबी पारी खेल चुके हैं। तो वहीं उनका सिटी जोन में यह दूसरी बार आमद हुई है। इससे पहले वह कमिश्नरेट सिस्टम से पहले घंटाघर कोतवाली और विजयनगर सर्किल के क्षेत्राधिकार रह चुके हैं। तो वह पूर्व में साहिबाबाद और इंदिरापुरम जैसे महत्वपूर्ण सर्किल में रहे हैं। अब उन्हें कवि नगर का जिम्मा सौंपा गया है। एसीपी स्वतंत्र सिंह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीन साल पूरा कर चुके हैं। तो वहीं एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव को बेस्ट वर्किंग का इनाम इंदिरापुरम सर्किल के रुप में दिया गया है। कहा जा रहा है कि उनके कार्यकाल के दौरान वकीलों का आंदोलन से लेकर कानून व्यवस्था की बेहतर पारी खेली गई। तो वही मीडिया मैनेजमेंट से लेकर अधिकारियों के बीच में उनकी स्वच्छ छवि उनको इस नई पोस्टिंग का हकदार बना रही है। बताया जा रहा है उन्होंने कई नेशनल स्तर की घटनाओं को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई थी। तो वहीं बीते दिनों कवि नगर इलाके में हुई सनसनीखेज डकैती के मामले का शतप्रतिशत खुलासा भी उनकी वर्किंग और टीम लीडरशिप का परिणाम रहा है।

वसुंधरा में बरसाती नाले के निर्माण कार्य के दौरान गिरी दीवार

सेक्टर 12 में चल रहा है निर्माण कार्य, 3 मजदूर घायल

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा सेक्टर 12 में नाला निर्माण कार्य के दौरान दीवार गिर गई। इस दौरान मलबे में 3 मजदूर दबकर घायल हो गये। सूचना पर पुलिस व दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों ने तीन घायल मजदूरों को बाहर निकाला। जिस समय दीवार गिरी उस समय 6 मजदूर काम कर रहे थे। बरसाती नाले का निर्माण कार्य के दौरान यह हादसा हुआ है। वसुंधरा के सेक्टर- 12 स्थित मकान नंबर 899 के सामने सीवर पक्का होने का काम चल रहा था। 6 मजदूर कार्य में लगे हुए थे।

इस दौरान नाला खुदाई का कार्य भी चल रहा था। इस दौरान एक दीवार गिर गई, जिसमें काम कर रहे 3 मजदूर दब गए। वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम, थाना पुलिस मौके पर भी पहुंच गई। जहां घायलों को बाहर निकाला गया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि घायलों में ताजुद्दीन पुत्र रहमान, मुसाफिर पुत्र महफूज, पुत्र रहमान, मुसाफिर पुत्र महफूज, मोहम्मद तनवीर पुत्र शाहिद हैं। पुत्र रहमान, मुसाफिर पुत्र महफूज, मोहम्मद तनवीर पुत्र शाहिद हैं। इन सभी को निजी अस्पताल में भेजा गया है। जिसके बाद जेसीबी की मदद से जवानों ने ने पूरा मलबा हटाया। जिसमें देखा गया कि अन्य कोई भी व्यक्ति मलबे में नहीं है। अन्य जो तीन मजदूर थे, उन्होंने भी बताया था कि हमारे तीन ही मजदूर दबे हैं। तीनों की हालत ठीक बताई जा रही है। नगर निगम निर्माण विभाग जेई संजय गंगवार का कहना है कि बरसाती नाले का निर्माण कार्य चल रहा था। जिस मकान की दीवार के लिए उसने नाले के ऊपर दीवार रख रखी थी। उसको पहले ही चेतावनी दी गई थी। दीवार को हटा लो सोमवार को जब निर्माण कार्य चल रहा है तो दीवार से हटकर ही कार्य किया जा रहा था।

संपादकीय

बड़ी कामयाबी

मुंबई आतंकी हमले के बहुचर्चित आरोपी तहव्वुर राणा का अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दायर रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद उसके प्रत्यर्पण की राह खुल गई है। यह भारत की एक अहम कूटनीतिक और कानूनी जीत तो है ही, आतंक के कारोबारियों को न्याय की वेदी पर ला पटकने के वैश्विक अभियान के लिहाज से भी एक बड़ा कदम है।

आतंक का बर्बर चेहरा : 2008 का मुंबई आतंकी हमला न केवल देशवासियों को स्तब्ध कर देने वाला था बल्कि इसने पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया। जिस तरह समुद्री मार्ग से आए लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों ने भारत की वित्तीय राजधानी को बंधक सा बना लिया और यहां तीन दिनों तक आतंक का खेल खेलते रहे, उसे भुलाना मुश्किल है। इस हमले से जुड़े कई आतंकी इस दौरान मारे भी जा चुके हैं, लेकिन भारत की न्याय व्यवस्था का सामना करने की जहां तक बात है तो कसाब के बाद तहव्वुर राणा दूसरा प्रमुख चेहरा होगा।

परदे के पीछे का सच : आतंक के इस खेल में मोहरे बने लोग भले सामने नजर आते हों, उनकी भूमिका नगण्य ही होती है। असल भूमिका इन्हें परदे के पीछे से बढ़ावा देने वाले उन लोगों की होती है जो आम तौर पर परदे के पीछे ही बने रहते हैं। तहव्वुर राणा का यह प्रत्यर्पण इस लिहाज से भी अहम है। वह न केवल मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा बल्कि कनाडा जा बसने से पहले पाकिस्तान आर्मी में मेडकल ऑफिसर के तौर पर भी काम करता रहा है। आश्चर्य नहीं कि 26/11 केस में पब्लिक प्रॉसीक्यूटर रहे उज्ज्वल निकम समेत कई लोग मानते हैं कि यह प्रत्यर्पण इस मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े अफसरों की भूमिका पर भी बेहतर ढंग से रोशनी डाल सकता है।

आगे की चुनौतियां : ऐसे में बहुत महत्वपूर्ण है कि आने वाली चुनौतियों की गंभीरता को समझते हुए एक-एक कदम फूंक-फूंक कर बढ़ाया जाए। राणा की सुरक्षा सुनिश्चित करना और तमाम अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए आगे बढ़ना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण है कूटनीतिक मोर्चे पर सावधानी बनाए रखना। तभी इस मामले की अंतरराष्ट्रीय साजिश से जुड़ी तमाम परतों को खोलना और इसमें शामिल सभी तत्वों को बेनकाब करना संभव हो पाएगा।

सरकार बुनियादी ढांचे, पीएलआई और कृषि के लिए नए उपायों की कर सकती है घोषणा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार बजट 2025 में बुनियादी ढांचे, कृषि, एमएसएमई और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों की घोषणा कर सकती है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। आइए जानते हैं भारतीय स्टेट बैंक ने बजट से जुड़ी अपनी रिपोर्ट में क्या कहा है।

केंद्र सरकार बजट 2025 में बुनियादी ढांचे, कृषि, एमएसएमई और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों की घोषणा कर सकती है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि इन उपायों में पैसा जुटाने के वैकल्पिक स्रोत, उत्पादन को लक्ष्य कर बनाई गई प्रोत्साहन योजनाएं (पीएलआई) और भारत की हरित अर्थव्यवस्था व आपदा प्रबंधन को मजबूत करने से जुड़ी रणनीतियां शामिल हैं। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण को कम करने पर रहेगा जोर रिपोर्ट के अनुसार सरकार बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक वैकल्पिक उपाय का ढांचा पेश कर सकती है। इससे वित्तपोषण का लागत कम हो सकता है और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिल सकता है। रिपोर्ट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए एक सर्वव्यापी ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट के निर्माण का सुझाव दिया गया है।

किफायती घर मुहैया कराने के लिए पीएसएल की परिभाषा में बदलाव का सुझाव

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आवास क्षेत्र में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण की परिभाषा में बदलाव दिख सकता है। छह मेट्रो शहरों में 65 लाख रुपये और अन्य क्षेत्रों में 50 लाख रुपये की लागत वाली परियोजनाएं अब पीएसएल के तहत लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने के काम आ सकती हैं, जो 2018 के मानदंडों में संशोधन है।

भारत और अमेरिका के बीच तेजी से बढ़ रहा सहयोग: सत्य नडेला

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका के सिएटल में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बोलते हुए नडेला ने कहा कि दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के कारण यह रिश्ता मजबूत है। इस कार्यक्रम का आयोजन सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने किया था। नडेला ने आगे कहा, भविष्य को देखते हुए, मैं दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को देखकर काफी उत्साहित हूं। दोनों देश लोकतंत्र के मूल्यों से जुड़े हुए हैं, जिसका आधार उनका संविधान है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ ने कहा कि दोनों देशों के लिए आदर्श यह है कि वे वही करें जो प्रत्येक देश के सर्वोत्तम हित में हो। इससे दुनिया के लिए एक मॉडल तैयार होगा,जिसका बाकी के देश आसानी से अनुसरण कर सकेंगे और इस तरह सभी के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण होगा। इस महीने की शुरूआत में माइक्रोसॉफ्ट ने ऐलान किया था कि कंपनी भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इन्फ्रास्ट्रक्चर और क्लाउड में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ने 2030 तक 1 करोड़ लोगों को एआई में प्रशिक्षित और कुशल बनाने की भी घोषणा की है। कंपनी ने अब तक सिविल सर्वेंट, कॉलेज के छात्रों और विकलांग लोगों सहित 24 लाख भारतीयों को एआई कौशल में सशक्त बनाया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा हाल ही में किए गए

आईडीसी अध्ययन से पता चला है कि भारत में एआई का इस्तेमाल 2023 में 63 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 72 प्रतिशत हो गया है। इसके अतिरिक्त माइक्रोसॉफ्ट और सासबूमी ने भारत के एआई और सास इकोसिस्टम को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए साझेदारी की है, जिसका लक्ष्य 5,000 से अधिक स्टार्टअप और 10,000 उद्यमियों को प्रभावित करना और 2,00,000 से अधिक नए रोजगार के अवसर पैदा करना है।

अदाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी एसीसी का मुनाफा वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 103 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। अदाणी ग्रुप की सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल कंपनी एसीसी लिमिटेड ने सोमवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 103 प्रतिशत बढ़कर 1,092 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 538 करोड़ रुपये था। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी ने 5,927 करोड़ रुपये की आय दर्ज की है, जो कि बीते पांच वर्षों में कंपनी द्वारा अर्जित की सबसे अधिक तिमाही आय है। इसकी वजह 11 प्रतिशत

बिक्री बढ़ना और बिक्री में प्रीमियम उत्पादों की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत होना है। एसीसी लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय कपूर के अनुसार, तीसरी तिमाही के नतीजे अधिक वॉल्यूम, लागत अनुकूलन और बढ़ी हुई दक्षता के माध्यम से विकास को आगे बढ़ाने पर हमारे रणनीतिक फोकस को प्रदर्शित करते हैं। कपूर ने आगे कहा कि हमारे प्रीमियम सीमेंट उत्पादों की मजबूत मांग है। हम ईएसजी नेतृत्व के अनुरूप सभी मापदंडों पर उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने और पक्षकारों को अधिकतम मूल्य प्रदान करने के लिए इनोवेशन और स्थिरता का लाभ उठा रहे हैं। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग एबिटा 1,116 करोड़ रुपये रहा है।

रोचक तथ्यों का करंट

- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का-भोजन करने वाले शेरों ने साल 1898 में केन्या-युगांडा रेलवे में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- क्या आप जानते हैं? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।
- अफ्रीकी शेर बड़े जानवरों को खाते हैं जो की घास के मैदानों में पाए जाते हैं, जिनमें हिरन, जेबरा और अजीब तरह के प्राणी शामिल है।
- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।

खपत बढ़ने का असर! भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में हुआ इजाफा

नई दिल्ली। भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 26 प्रतिशत पर था। इसकी वजह ग्राहकों द्वारा अपनी खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड से अधिक खर्च करना है। यह जानकारी सोमवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। ट्रांसयूनियन सिबिल क्रेडिट मार्केट इंडिकेटर (सीएमआई) रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की रिटेल क्रेडिट ग्रोथ में सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही में हल्की नरमी देखने को मिली है। इसकी वजह लोन मांग वृद्धि की दर में सामान्य गिरावट और अधिकांश लोन उत्पादों में क्रेडिट की आपूर्ति में कमी होना है। ट्रांसयूनियन सिबिल के सीईओ

और एमडी, भावेश जैन ने कहा, क्रेडिट कार्ड पर खर्च में मजबूत वृद्धि उपभोक्ताओं के बीच इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दशार्ती है। यह केवल लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्रेडिट तक आसान पहुंच को भी दिखाती है। जैन ने आगे कहा कि यह लेंडर्स के लिए एक अवसर हो सकता है कि वे ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान करें जिन्हें अपने उपभोग के लिए अतिरिक्त लोन की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर और किफायती समाधान उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट के अनुसार, पर्सनल लोन में सालाना आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि सितंबर 2024 में 11 प्रतिशत रही है। यह वृद्धि दर पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 32 प्रतिशत से काफी कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोपहिया वाहनों और प्रॉपर्टी के बदले लोन में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है। जैन ने सुझाव दिया, बाजार की बदलती परिस्थितियों का मतलब है कि लेंडर्स को रिटेल लोन वृद्धि के लिए टारगेटेड एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है। नई विश्लेषणात्मक तकनीकों द्वारा पोर्टफोलियो निगरानी लेंडर्स को पूरे भारत में योग्य उपभोक्ताओं को विवेकपूर्ण तरीके से लोन देने में सक्षम बनाएगी।

भारतीय शेयर बाजार हुआ धड़ाम, निवेशकों के डूबे 9 लाख करोड़ रुपये

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 824 अंक या 1.08 प्रतिशत गिरकर 75,366 और निफ्टी 263 अंक या 1.14 प्रतिशत गिरकर 22,829 पर था। बाजार में गिरावट का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,467 अंक या 2.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,795 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 651 अंक या 3.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,304 पर था। भारी गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 9 लाख करोड़ रुपये गिरकर 410 लाख करोड़ रुपये रह गया है। बाजार के करीब सभी

इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटी, ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स में सबसे अधिक गिरावट थी। बाजार का रुझान भी नकारात्मक था। पर 3,519 शेयर लाल निशान में, 597 शेयर हरे निशान में और 118 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, एम एंड एम, एसबीआई, मारुति सुजुकी और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स थे। बाजार में गिरावट की वजह ट्रंप की अस्पष्ट व्यापारिक नीतियों को माना जा रहा है। हाल ही में अमेरिका द्वारा दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अनिश्चितता बढ़ी है।

बाजार के जानकारों ने कहना है कि गैरकानूनी तरीके से अमेरिका में रह रहे प्रवासियों को कोलंबिया में डिपोर्ट करने से रोकने के जवाब में लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ चिंता पैदा करते हैं। ट्रंप एक फरवरी से कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे चुके हैं। अब सवाल उठ रहा है कि क्या ट्रंप चीन और अन्य देशों पर भी सख्त टैरिफ लागू करेंगे। इसे लेकर बाजार में चिंताएं पैदा हो रही हैं। भारतीय बाजारों के गिरने की एक वजह वैश्विक बाजार में कमजोरी का होना है। अमेरिकी बाजारों में कमजोरी देखी जा रही है। इसकी वजह चीन के कम लागत वाले एआई मॉडल डीपसीक के आने से दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनियां जैसे एनवीडिया, ओपनएआई और गूगल का बिजनेस मॉडल प्रभावित होने की संभावना है।

राशिफल

मेष: प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

वृष: संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

मिथुन: जीवनसाथी का कार्यों में सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। अनुकूल समाचार आएंगे। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

कर्क: क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें।

सिंह: मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा।

कन्या: मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें।

तुला: यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

वृश्चिक: वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

धनु: नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

मकर: नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

कुंभ: कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

मीन: वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

चुटकुले

सोनू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया...!
सोनू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया...!
सोनू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया...!
सोनू रोते- रोते बोला - धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा...!

चिंटू - अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा।
पिंटू - मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
चिंटू - नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो।

एक लड़की की ब्वॉयफ्रेंड से बहुत दिन से बात नहीं हुई थी...!
लड़की ने रोमांटिक होकर फेसबुक पर अपडेट किया 'धीरे-धीरे से मेरी जिंदगी में आना'
थोड़ी देर बाद लड़के का कमेंट आया -
धीरे-धीरे ही आ रहा था,
तेरे मोहल्ले वालों ने चोर समझ कर पीट दिया...!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

करंट क्राइम
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
28 01 2025 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन

श्रुति हसन
अभिनेत्री

अनिता चौधरी

गायत्री सिंह

गीता कौशिक

विजय लक्ष्मी

शिवांश भार्गव

अमित जैन

अंकित मन्दार

अंकुर शर्मा

आशीष गोयल

छोटेलाल तिवारी

गौरव कसाना

अनिल चौधरी

नीतू पंडित

अभिषेक गौतम

कपिल त्यागी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

न्यूज डायरी

पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने किया झंडारोहण

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड नंबर 41 महाराजपुर गांव एवं छठ पूजा घाट पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने जूनियर हाई स्कूल महाराजपुर, छठ पूजा घाट, दुर्गा पूजा समिति झंडापुर, मेमोरियल पब्लिक स्कूल झंडापुर एवं रोड नंबर 12 भारतीय विद्या निकेतन स्कूल झंडापुर के द्वारा झंडारोहण का कार्यक्रम भाग लिया। इस अवसर पर वीर सपूतों को याद किया गया। पार्षद ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश की रक्षा के लिए तन मन धन से कार्य करना चाहिए क्योंकि देश है तो हम सब हैं। भारतवर्ष की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है तभी हम अपना स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना पाएंगे और रणवीर सपूतों की कुर्बानी को सदैव याद रखना चाहिए। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भारतवर्ष 1947 में आजाद हुआ और 1950 में भारत में संविधान बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा लाया गया भारतवर्ष में लागू किया गया। 26 जनवरी 1950 को भारतवर्ष का संविधान लागू हुआ इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इसी क्रम में सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों पर निजी स्थान पर तिरंगा फहराया जाता है, राष्ट्रीय गान होता है और संस्कृत एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं।

राज नगर मंडल ने किया ध्वजारोहण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राज नगर मंडल में विभिन्न स्थानों पर मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक, एडवोकेट वार्ड नंबर 71 के पार्षद उमेश पप्पू, नागर मंडल महामंत्री मनोज कुमार गिरि, मंडल कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जितेन्द्र राठी, अंकित गिरी, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

ए2 प्रोपर्टीज के कार्यालय पर लगा आयुष्मान कैंप

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में ए2 प्रोपर्टीज के कार्यालय अशोक नगर मार्केट गाजियाबाद में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सहयोग से आयु 70+ आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 52 लोगों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया। आयुष्मान कार्ड बनवाने आए सभी बुजुर्गों ने अनिल मेहरा वह आशु गोयल को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता (बालू भाई), पार्षद अजीत निगम, पंडित अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, रितेश शर्मा, समीर शर्मा, आशु पंडित, सौरव यादव, अरुण वाहिल, अरुण कुमार सिंह, सुशील कुमार (बबलू)और पारस प्रजापति उपस्थित रहे।

संजय नगर व्यापार मंडल मनाया गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 26 जनवरी 76वें गणतंत्र दिवस पर संजय नगर व्यापार मंडल द्वारा झंडारोहण का प्रोग्राम बड़ी धूमधाम से किया गया। संजय नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल, चेयरमेन प्रदीप गर्ग, महामंत्री हरीश शर्मा, वाइस चेयरमैन रवि कुमार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, उपाध्यक्ष रितेश अग्रवाल, संगठन मंत्री प्रवेश गुप्ता, उपाध्यक्ष बबलू सिंह, संगठन मंत्री केके शर्मा, उपाध्यक्ष राजू भाई, तेजवीर मन, विशाल गुप्ता, डॉ. वासी, अनिल ढींगरा,पंकज वर्मा, अमित कुमार,नरेंद्र चौधरी, रमन गर्ग, बांके बिहारी साड़ी एवं समस्त व्यापारीकरण उपस्थित रहे।

भागीरथ पब्लिक स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भागीरथ पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ताहिर हुसैन रहे। मुख्य अतिथि ताहिर हुसैन, निदेशक अमिताभ सुकुल, अनादि सुकुल व प्रधानाचार्या अल्पना श्रीवास्तव ने सम्मिलित रूप से ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में देश भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। ध्वजारोहण के बाद एनसीसी के छात्रों ने तिरंगे को सलामी दी और परेड का प्रदर्शन किया। इसमें मार्च पास्ट व 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ताहिर हुसैन ने कहा कि यह आजादी हमें अनगिनत कुर्बानियों के बाद मिली है और इस आजादी को बनाए रखने के लिए हम सभी को अपने कर्तव्य पर खरा उतरना होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भागीरथ पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा 'तिरंगा यात्रा' रैली का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अनादि सुकुल ने कहा कि यह उत्सव हमें अपनी छिपी ताकत को फिर से खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना श्रीवास्तव ने भी अपने सुविचार प्रस्तुत किए।

दयाल पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस हुए कार्यक्रम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दयाल पब्लिक स्कूल विजय नगर में 76वां गणतंत्र दिवस बहुत ही उत्साह से मनाया गया तथा प्रबंधक महोदय सरदार दामोदर सिंह जग्गी ने ध्वजारोहण किया बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए ,जिसमें देश भक्ति गीत तथा विभिन्न राज्यों की झलकियों के द्वारा प्रस्तुत की गई सभी ने मिलकर अपने देशभक्त शहीदों का नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सरदार दामोदर सिंह जग्गी प्रधानाचार्या सतविंदर कौर, उप प्रधानाचार्य दीपिंदर कौर , दयाल सिंह व हरप्रीत सिंह जग्गी एवं समस्त शिक्षक तथा बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी इस समारोह में उपस्थित रहे। संचालन अलका ने किया।

76वें गणतंत्र दिवस पर विधायक संजीव शर्मा ने भाजपा मुख्यालय पर ध्वज फहराया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 76वें गणतंत्र दिवस पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा विधायक संजीव शर्मा ने भाजपा नेतागण एवं भाजपाइयों संग नेहरू नगर स्थित मुख्यालय पर ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं पूरे नगर वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देता हूं। आज ही के दिन भारत ने अपना संविधान लागू करते हुए एक संप्रभु संपन्न लोकतांत्रित गणतंत्र भारत के रूप में अपनी एक नई यात्रा को प्रारंभ करने का निर्णय लिया था। एक लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी के नेतृत्व में भारत ने एक संविधान सभा का गठन किया। संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद को एक माला के रूप में पिरोने का उत्तरदायित्व बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को दिया गया, जिन्होंने 26 नवंबर 1949 को एक मसौदा संविधान सभा के सामने सौंपा और अनंतः 26 जनवरी 1950 को ये देश खुद का संविधान लागू करने में सफल हो पाया। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि भारत का संविधान हमें न्याय, समता और बंधुता के साथ जुड़ने की एक नई प्रेरणा प्रदान करता है। सम और विषम परिस्थितियों में यह पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधने में सफल रहा है। आज के इस अवसर पर जब हम भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष को पूरा कर रहे हैं, इस अवसर पर मैं जिले के सभी नागरिकों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देती हूं। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक गोयल, अमर दत्त शर्मा, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी,मानसिंह गोस्वामी, पवन गोयल, सुभाष शर्मा, महामंत्री सुशील गौतम, उपाध्यक्ष रनिता सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंत्री संजय रावत, ऋचा भदौरिया, अमित रंजन,विनीत शर्मा,वीरेंद्र सारस्वत, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, संजय कांत शर्मा, भीम शर्मा, गीता चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस पर जीडीए ने किया 'रन फॉर रिपब्लिक' का शानदार आयोजन, डीएम दीपक मीणा ने किया शुभारंभ

मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में कराई गई दौड़ प्रतियोगिता

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गणतंत्र दिवस के मौके पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा बेहतरीन आयोजन किया गया। जीडीए प्रांगण में जीडीए वीसी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया और इसके बाद मधुबन-बापूधाम में रन फॉर रिपब्लिक यानी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ प्रतियोगिता का गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी आईएएस दीपक मीणा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। दौड़ प्रतियोगिता को दो कैटेगरी में बांटा गया था।

उन्होंने मैराथन दौड़ के सफल आयोजन के लिए जीडीए के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। रन फॉर रिपब्लिक में जीडीए वीसी अतुल वत्स के साथ-साथ जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक ए के वाजपेयी, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अपर सचिव पी.के सिंह, ओएसडी श्रीमती गुंजा सिंह, श्रीमती कनिका कौशिक, सभी अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, प्राधिकरण का अन्य स्टाफ, दूर दूर से आये अन्य प्रतिभागियों के साथ दौड़े। सभी प्रतिभागियों के लिए जीडीए द्वारा बेहद अच्छी व्यवस्था की गई थी। देश भक्ति के तरानों के साथ तिरंगा छपी सफेद टीशर्ट में दौड़ रहे प्रतिभागियों में गजब का उत्साह था। पूरा क्षेत्र देश भक्ति से ओतप्रोत दिखाई दे रहा था। प्रतिभागियों की सुरक्षा का भी बेहद ख्याल रखा गया। जीडीए के पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में संबंधित थाने के टीम के साथ प्राधिकरण का पुलिस बल भी मौजूद रहा। मैराथन विजेताओं को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा ट्रॉफी, मेडल व बैंक चेक देकर सम्मानित किया गया। 3.5 किमी. कैटेगरी में प्रथम स्थान हर्ष ने हासिल किया जबकि द्वितीय पुरस्कार अनिल कुमार को मिला। 1.5 कि.मी (18 वर्ष से कम आयु के लिए) कैटेगरी में केशव वर्मा को पहला व मोहित को द्वितीय पुरस्कार मिला।

18 वर्ष से कम आयु के लिए 1.5 कि.मी. व 18 वर्ष से ऊपर की आयु वाले दौड़े 3.5 कि.मी.

18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए डेढ़ किलोमीटर व 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए साढ़े तीन किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस दौड़ प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जीडीए द्वारा कराए गए इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए रन फॉर रिपब्लिक में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस की शुभाकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण शहर को सुंदर और सुव्यस्थित बनाने में अग्रसर है। गाजियाबाद की पहचान पूरे प्रदेश और देश में अलग ही दिखाई देती है।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर संगीत संध्या आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम : राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वी एन भातखंडे संगीत महाविद्यालय में एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेविका समिति की विभाग प्रभारी सुषमा तिवारी ने बच्चों को संघ के कार्यों और वंदे मातरम के इतिहास से अवगत कराया।

महाविद्यालय के नन्हे कलाकारों के द्वारा- प्रार्थना, आओ बच्चों तुम्हे दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की, हम हिन्दुस्तानी, हिन्द देश के निवासी सभी जन एक हैं, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा आदि गीतों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को देशभक्ति की ऊर्जा से भर दिया। असम की कलाकार भानुश्री के -ऐ मेरे वतन के लोगों, सुनकर सभी भावुक हो गए। कवयित्री डॉ निवेदिता शर्मा ने गीत- ये महाकुंभ का मेला है, प्रस्तुत कर सभी की खूब तालियां बटोरीं। ज्योति सेवा न्यास के बच्चों द्वारा वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयुष गौड़ ने तबले पर संगत की। संगीत शिक्षिका डॉ ज्योति शर्मा ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया। अंत में विद्यालय के अध्यक्ष पं. (डॉ) हरिदत्त शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आशा गोयल, शिवानी, मधु चौबे, ममता अग्रवाल, रश्मि त्यागी, सहित सभी बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मदरसे में मनाया गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। मदरसा अरबिया खादिमुल कुरआन रसूलपुर सिकरोड़ा में गणतंत्र दिवस मनाया गया। सबसे पहले हजरत कारी इफ्तिखार अहमद साहब ने तिरंगा फहराया उसके बाद फिर कुरआन की तिलावत से प्रोग्राम शुरू किया जिसके कनवीनर रहे कारी सुहैल साहब ओर उसके बाद मौलाना मोहम्मद आबिद साहब ने अपने भारत को किन लोगों ने आजादी दिलाई उनकी तारीख बयान फरमाई और बताया कि इस देश को हिन्दू मुस्लिम और सभी लोगों ने मिल कर आजाद कराया जिसमें महात्मा गांधी पंडित जवाहर लाल नेहरू भगत सिंह और मौलाना हुसैन अहमद मदनी मौलाना अबुल कलाम आजाद और बहुत सारे लोगों ने इस देश को आजादी दिलाई और देश आजाद होने के बाद इस देश में जो सब से बड़ी परेशानी आई वह यह थी कि इस देश को चलाने के लिए कुछ कानून बनाए जो हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई और सब धर्मों को बराबरी का हिस्सा मिल सके इस बारे में एक मीटिंग बुलाई गई और उसमें यही बात रखी गई कि देश के लिए ऐसे कानून बनाए जाएं जो सबको बराबरी का हिस्सा दे सके इस संविधान को बनाने के लिए डॉ भीम राव अंबेडकर को जिम्मेदारी दी गई डॉ भीम राव अंबेडकर और उनकी कमेटी के लोगों ने मिल कर ये संविधान बनाया और 26 जनवरी 1950 को ये लागू कर दिया गया।

सुन्दर दीप वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुन्दर दीप वर्ल्ड स्कूल ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों ने देशभक्ति के रंग में रंगे हुए विभिन्न फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सच्चिदानंद जी डी०सी०पी० क्राइम ब्रांच गाज़ियाबाद रहे। इसके अलावा अतिथि महेंद्र अग्रवाल चांसलर एस० डी ०जी० आई० ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाज़ियाबाद , अखिल अग्रवाल उपाध्यक्ष सुन्दरदीप ग्रुप गाज़ियाबाद , शैली अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रोफेसर डॉ. प्रसेनजीत कुमार, वाइस चांसलर एस०डी०जी० आई० ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाज़ियाबाद व पीयूष श्रीवास्तव रिटायर्ड आईजी प्रो वीसी एडमिन एस० डी ०जी० आई० ग्लोबल यूनिवर्सिटी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सच्चिदानंद ने 26 जनवरी के कार्यक्रम में छात्रों को कड़ी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने छात्रों को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सफलता की कुंजी है। तथा अन्य सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन के लिए उन्हें सम्मानित किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और नृत्यों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय पर्व को मनाने की परंपरा को बनाए रखना था।

स्कूल की प्रधानाचार्य सपना अहलावत ने इस अवसर पर बच्चों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहने और देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में देशभक्ति की भावना जगाना बहुत जरूरी है और इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना का विकास होता है। अंत में उन्होंने सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर मनाया गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) के कार्यालय पर क्षेत्र की पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा एवं हरीश चन्द शर्मा ने ध्वजारोहण किया। साथ में रामनिवास बंसल, पार्षद प्रमोद राघव, पार्षद विपिन डागर, मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना, पवन रेड्डी, पूर्व पार्षद विनोद शर्मा, पूर्व पार्षद आनंद गुप्ता, पूर्व पार्षद कुसुम सिंह, पूर्व पार्षद आशु शर्मा, पूर्व पार्षद एस पी सिंह, माधव सूद, उमाशंकर शर्मा, कल्लू पहलवान, चरण जीत, वासुदेव, भगवत सिंह, विनोद मिश्रा, महेश भारतीय, विशाल कौशिक, कलम पाटिल, रंजनी शर्मा, सीमा राठी, प्रमिला राणा, आभा शर्मा, दुर्गेश वर्मा, प्रीति निझावन, नीरू तोमर, शालिनी जैन, हिमांशी शर्मा, सिमरन कुमारी आदि मौजूद रहे।

ममता की छांव सेवा ट्रस्ट ने हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम : ममता की छांव सेवा ट्रस्ट द्वारा संत रविदास कालोनी, पुराना विजय नगर में संचालित इन्दू शिशु विद्या सदन में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण के पश्चात भारत माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पित कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात स्कूल के बच्चों ने कुछ देशभक्ति के गीत,कविता और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए।

चंचल और रिया ने 'सुनो गौर से दुनिया वालों',प्रतिज्ञा और खुशी ने 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी', प्रिंस और शिवम ने 'केसरी के लाल', सौम्या ने 'नन्हा मुन्ना राही', माही ने 'प्यारी मां',सोनी ने 'प्यारा देश',विराट ने 'वीर तुम बढ़े चलो', लक्ष्मी ने 'तन से प्यार है', लक्ष्मी और प्राची ने 'जब जीरो दिया मेरे भारत ने', आशीष ने 'तेरी मिट्टी में मिल जॉवा', आशीष और अंकुश ने 'देश हमें देता है सब कुछ' और अंकुश और लकी ने 'कितना सुंदर कितना प्यारा देश हमारा' पर नृत्य प्रस्तुत किया। ट्रस्ट के संरक्षक स्वरुप नारायण और श्याम बाबू, मंत्री आमोद कपूर, उपाध्यक्ष एस.के.नन्दा बालकृष्ण कुकरेजा,कॉर्डिनेटर एस.के.उपाध्याय ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया और आशीर्वाद दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य और ट्रस्ट की सचिव सीमा शर्मा, उप प्रधानाचार्या मंजू मल्होत्रा, योग शिक्षिका व स्कूल समिति की उप प्रबंधक अर्चना शर्मा,मिडिया प्रभारी सुशील शर्मा, प्रीती कुकरेजा, आयुष कुमार व स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं राजेश सिंह, प्रिया सेठी, कुमारी मुस्कान उपस्थित रहे।

संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



गाजियाबाद, करंट क्राइम। संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गाजियाबाद में 26 जनवरी 76वां गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया व झंडा रोहण किया। इस अवसर पार सभी स्टाफ और डॉक्टर्स मौजूद रहे। सभी ने देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रगान गाया और झंडा फहराया। इस अवसर पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ.मनीष सबरवाल ने कहा कि हम लोगों को देश हित में कार्य करना चाहिए, चाहे हम किसी भी क्षेत्र से आते हो, उन्होंने इस अवसर पर स्वंतरता सेनानियों को याद किया व सबको सदभावना का संदेश दिया गणतंत्र दिवस पर मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. अल्पना अग्रवाल ने कहा कि हम गणतंत्र दिवस के मौके पर यह शपथ लेते हैं कि सभी लोगों को अच्छे से अच्छी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएंगे व बड़ी से बड़ी बीमारियों से लड़ने के लिए अच्छे डॉक्टर्स तैयार करेंगे, संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल 30 वर्षो से पूरे दिल्ली एनसीआर में अपनी चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है, और अपनी सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के साथ क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। आई,एस,आर हेड श्वेता चौधरी ने बताया कि संतोष हॉस्पिटल शहर के साथ-साथ गांवो में भी अपनी सेवाएं दे रहा है। इसके साथ ही उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विष्णु दुराई ,सुषमा ,सोनम नागर आदि का सहयोग रहा ।

सनातन वैदिक राष्ट्र के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े का दो दिवसीय धर्म संवाद

गाजियाबाद, करंट क्राइम। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के तत्वाधान में चला दो दिवसीय धर्म संवाद सनातन वैदिक राष्ट्र के संकल्प के साथ सम्पन्न हो गया। धर्म संवाद में हजारों की संख्या में संतों और सनातनियों ने भाग लिया। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के आह्वान पर हजारों लोगों ने सनातन वैदिक राष्ट्र के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान देने का संकल्प लिया।

जगद्गुरु शंकराचार्य ने समस्त हिंदू समाज से बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए आवाज उठाने और संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने सम्पूर्ण संत समाज से कहा कि सनातन बोर्ड जब बने बनता रहे पर वक्फ बोर्ड तुरंत समाप्त होना चाहिए। सनातन धर्म पर लगातार हो रहे आक्रमणों और आघातों से सनातन धर्म की सबसे बड़ी धार्मिक संस्था श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा आहत विचलित है और सनातन धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष को भी तैयार हो रहा है। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के वरिष्ठ संत अब युवा संन्यासियों को धर्म की रक्षा की ओर लगाने की तैयारी में जुट गए हैं।

संत यति नरसिंहानंद गिरी को महामंडलेश्वर बनाना भी इस दिशा में जाने का ही संकेत था। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के मुख्य संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरी व प्रधान श्रीमहंत प्रेम गिरी व प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ से श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के वरिष्ठ संतों ने हर परिस्थिति में इस्लामिक जिहाद से वैचारिक लड़ाई में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी के साथ देने का संकल्प लिया। श्रीमहंत हरि गिरी ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए पूरी तरह से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी का साथ हर संघर्ष में देने का संकल्प लिया। धर्म संवाद में बांग्लादेश में हिंदुओं की दुर्दशा पर चिंता जताते हुए सभी संतों ने एक स्वर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बंगलादेश में सेना भेजकर वहां हिंदुओ के लिए अगल राष्ट्र बनाने की मांग की। धर्म संवाद में परमहंसाचार्य महाराज, जगद्गुरु गगार्चार्य महेन्द्रानंद गिरी, महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती, करौली सरकार, महामंडलेश्वर जय अंबानंद गिरी सहित अनेक संतों ने अपने विचार रखे। धर्म संवाद में यति रामस्वरूपानंद, यति सत्यदेवानंद,यति यतींद्रानंद,यति अभयानंद और यति निर्भयानंद सहित अन्य यति संन्यासियों ने सहयोग किया।

धर्म संवाद में डॉ उदिता त्यागी, दिनेश अग्रवाल,राकेश गोयल,विनोद सर्वोदय, राजेश पहलवान, प्रवीण त्यागी, रविन्द्र त्यागी,र ाकेश सरावगी, सुनील त्यागी, संजय विज, अक्षय त्यागी, अनिल यादव,बिट्टू त्यागी, मोहित गुप्ता,राजीव त्यागी,नीरज त्यागी, अतुल ओमर,राजेश गुप्ता, संजय त्यागी,महेश आहूजा,मुकेश त्यागी,नरेंद्र त्यागी तथा अन्य भक्तगणों की भूमिका सराहनीय रही।

सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने धूमधाम से मनाया गणतन्त्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने अपने राष्ट्रीय कार्यालय सुभाषिनी ऑफसेट, जगदीश नगर, गाजियाबाद पर 76 वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया।

गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के राष्ट्रीय संयोजक सतेंद्र यादव ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरा कर किया। इस अवसर पर देशवासियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 में देश आजाद होने के बाद 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ।

भारतीय संविधान को बनाने के लिए भारत माता के अनेक विद्वान लालू ने वर्षों तक दिन-रात मेहनत की तब जाकर विश्व का सबसे बड़ा यह संविधान तैयार हुआ जिस कारण आजाद भारत में आज भारत के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी विकास के शुभ अवसर प्राप्त हो रहे हैं भारत को विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र बनने के लिए भारत माता के अनेक लॉन ने जो बलिदान दिया है हमें नहीं बोलना चाहिए और हमेशा उनके सपनों को साकार करने के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिल सिन्हा, मनोज कुमार शर्मा होदिया, दिग्विजय सिंह, राजीव गौतम,सुरेश यादव, दीपक वर्मा, गणेश दीक्षित,आदित्य गौतम, विकास, विनोद गौतम, जटाशंकर सिंह, राजेंद्र यादव ,राजेंद्र गौतम, रंजीत कुशवाहा, अर्जुन सिंह, रघुबर यादव, सुनील दत , विवेक राणा, हरीश शम्मी, जगदीश राय गोयल, आबिद, नसरुद्दीन मलिक, इरशाद, अक्षय कुमार, रोहित, रिंकू, दीपक पाल, विकास कुमार, नरेश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

नगर निगम ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

महापौर और नगर आयुक्त ने किया ध्वजारोहण, शहरवासियों को दीं शुभकामनाएं

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ध्वजारोहण कर शहर वासियों को 76 वे गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी, शहीदों को नमन किया गया तथा निगम अधिकारियों तथा पार्षदों ने देशभक्ति के नारे लगाए, नगर आयुक्त द्वारा सभी को संविधान के प्रति जागरुक करते हुए अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया महापौर द्वारा उपस्थित जनों को एकता के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर ने किया टॉयलेट इंटीग्रेशन पिंक बस तथा निगम की लिफ्ट का उद्घाटन

करंट क्राइम। महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा निगम मुख्यालय के साथ-साथ अनेकों कार्यक्रमों में ध्वजारोहण किया गया, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके पर निगम की लिफ्ट का शुभारंभ किया गया जिसका महापौर के कर कमल द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया, इसके उपरांत महापौर की कर कमल द्वारा टॉयलेट इंटीग्रेशन पिंक बस का भी उद्घाटन किया गया बस कवि नगर जोन अंतर्गत गौर मॉल के समीप स्थापित कराई गई टॉयलेट बस के उद्घाटन से महिलाओं को लाभ मिलेगा शुभकामनाएं दी गई।

निगम अधिकारियों तथा पार्षदों ने लगाये देशभक्ति के नारे

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को चॉकलेट व उपहार भी दिए गए दुर्गा भाभी चौक पर महापौर नगर आयुक्त तथा राजीव शर्मा पार्षद द्वारा ध्वजारोहण किया गया। नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज मैं भव्य रूप से गणतंत्र दिवस की तैयारी की गई महापौर तथा नगर आयुक्त ने पहुंचकर ध्वजारोहण किया सभी बालिकाओं का उत्साहवर्धन भी किया गया, बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए तथा वेस्ट से बेस्ट की मुहिम को आगे बढ़ते हुए बनाए गए सामानों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर निगम अधिकारियों तथा पार्षदों ने लगाये देशभक्ति के नारे। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, अन्य सभी अधिकारी तथा पार्षद गण उपस्थित रहे।

जिला सरकारी अस्पताल गाजियाबाद में किए गए फल वितरण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। धार्मिक रामलीला समिति (पंजी०) कविनगर गाजियाबाद गणतंत्र दिवस के अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने अध्यक्ष ललित जायसवाल की प्रेरणा से जिला सरकारी अस्पताल गाजियाबाद में उपचार हेतु भर्ती एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे रोगियों में फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर समिति के महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, मंत्रीगण नवेंदु सक्सेना, आनंद गर्ग, डी० पी० कौशिक एवं कर्मचारी गुड्डू के अतिरिक्त मुकेश सिंहल और संजय मित्तल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० राकेश कुमार सहित अनेकों डाक्टर गण एवं स्टाफ उपस्थित था एवं इस आयोजन को सफल बनाने में सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओ ने भरपूर सहयोग दिया। साथ ही समिति द्वारा समिति कार्यालय पर वाहन चालको, उनके परिजनों एवं आम जन में भी फल वितरित कर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया।

गणतंत्र दिवस पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट ने एक कन्या का धूमधाम से कराया विवाह

मोदीनगर की बिटिया प्रभा वाल्मीकि ने मेरठ निवासी करण के साथ लिए सात फेरे

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट ने झंडा रोहण के बाद एक कन्या का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया। मोदीनगर की बिटिया प्रभा वाल्मीकि का विवाह मेरठ निवासी करण के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। सभी के समक्ष जयमाला डाली तो शुभचिंतकों ने पुष्प वर्षा करके नव दंपति को आशीर्वाद दिया। गणतंत्र दिवस के मौके पर मोदीनगर निवासी आयुष्मति प्रभा वाल्मीकि का विवाह संजयनगर के एच ब्लॉक स्थित शुभम बैंक्विट हॉल में अत्यंत धूमधाम से किया गया। चेयरमैन एवं विवाह समारोह के मुख्य संयोजक वीके अग्रवाल ने बताया कि नव दंपति को समाज द्वारा संग्रह करके 50 से ज्यादा उपहार भेंट किए गए। इस मौके परअरुण कौशिक,

गुरुजी, डॉ. आर के अग्रवाल कविनगर, अनूप मिश्रा एडवोकेट, राजेश बंसल अंकुर फर्नीचर, पीयूष गोयल कविनगर, राकेश चौहान, तरुण चिटकारा एवरग्रीन फर्नीचर, लोकेश सिंघल कविनगर, देवेंद्र हितकारी, डीडी गर्ग राजनगर, अरुण त्यागी शास्त्रीनगर, शिवकुमार शर्मा सेक्टर 23, सौरव गर्ग मंगलम ज्वेलर्स, उमेश पप्पू नागर पार्षद, डॉ. नीरज गर्ग, राकेश मित्तल, हेमंत कंसल, मनवीर नागर पूर्व पार्षद, गजेंद्र शर्मा, प्रदीप गर्ग, व्यापार मंडल सेक्टर 23, डॉक्टर हरीश शर्मा, सुनील शर्मा, चंदन सिंधवानी, रमा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, वैशाली गुप्ता, सुरेंद्र पाल त्यागी, किरण शर्मा, मधुर गुप्ता, लवकेश लब्बू, अखिलेश अग्रवाल, डीके मित्तल, राकेश चंद्र अग्रवाल, विपिन गोयल, पंकज चावला शुभम बैंक्विट हॉल, प्रदीप गुप्ता पंचवटी आदि लोग शामिल थे।

उत्थान वाटिका, अवंतिका में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के उत्थान वाटिका, अवंतिका में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर उत्थान समिति के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत कर दिया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों ने हर किसी के दिलों में देश के प्रति प्रेम की भावना को और मजबूत कर दिया। साथ ही, समिति के सदस्यों ने गणतंत्र दिवस के महत्व और संविधान की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उत्थान समिति के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की

शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमारा संविधान हमें एकता, समानता और भाईचारे का संदेश देता है। हमें इसके आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन को स्मरणीय बनाने के लिए उत्थान समिति का आभार प्रकट किया। उत्थान समिति के शास्त्री नगर स्थित पार्क में तथा राजनगर स्थित सेंट्रल पार्क

में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सेंट्रल पार्क राजनगर में उत्थान समिति द्वारा ही तिरंगे का रखरखाव भी किया जा रहा है। इस 117 फीट ऊँचे स्टेनलेस स्टील के पोल की स्थापना उत्थान समिति द्वारा ही की गई है।

सास ने किडनी देकर बहू की बचाई जान यशोदा कौशांबी में हुआ सफल इलाज

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्टिपटल कौशांबी में मेरठ की 60 वर्षीय पुष्पा देवी ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया, उन्होंने अपनी 32 वर्षीय बहू रीना को किडनी दान कर यह साबित कर दिया कि यह रिश्ता सिर्फ तकरार का नहीं, बल्कि त्याग और स्नेह का भी हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों में खुद को भूल गई रीना। मेरठ के वालिदपुर गांव की रहने वाली रीना दो बच्चों की मां हैं। मई 2024 से वह एंड स्टेज किडनी डिजीज से जूझ रही थीं और डायलिसिस पर थीं। रीना की व्यस्त दिनचर्या और परिवार की जिम्मेदारियों के कारण उनकी बीमारी का पता देरी से चला। रीना ने यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की मेरठ ओपीडी में डॉक्टर प्रजीत मजूमदार और डॉक्टर इंद्रजीत जी. मोमिन से परामर्श किया। जब डॉक्टर्स ने किडनी ट्रांसप्लांट ही एकमात्र उपाय बताया, तो परिवार में कोई भी डोनर मैच नहीं हुआ। माता-पिता अयोग्य थे, पति और भाई का ब्लड ग्रुप भी नहीं मिला। इसके अलावा, रीना को पहले कई बार रक्त आधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) हो चुका था और उन्हें हेपेटाइटिस सी भी था, जिससे ट्रांसप्लांट की जटिलताएं और बढ़ गई।

सास ने बढ़ाया मदद का हाथ : जब रीना के लिए कोई उपाय नहीं बचा, तो उनकी सास पुष्पा देवी आगे आईं और अपनी किडनी दान करने का फैसला किया। यह निर्णय लेना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन बहू को बचाने के लिए उन्होंने अपनी सेहत की परवाह किए बिना यह बड़ा कदम उठाया।

यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में डॉक्टर प्रजीत मजूमदार, डॉक्टर आईजी मोमिन (नेफ्रोलॉजी टीम) और डॉक्टर वैभव सक्सेना, डॉक्टर निरेन राव व डॉक्टर कुलदीप अग्रवाल (किडनी ट्रांसप्लांट टीम) की देखरेख में यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। अब सास और बहू दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी के सीएमडी डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने कहा कि यह सिर्फ एक सफल किडनी ट्रांसप्लांट नहीं, बल्कि त्याग और मानवता की अद्भुत मिसाल है। पुष्पा देवी का निर्णय समाज के लिए प्रेरणादायक है और यह दर्शाता है कि रिश्तों की गहराई सिर्फ खून के संबंधों तक सीमित नहीं होती। हमारी अनुभवी मेडिकल टीम ने हर चुनौती को पार करते हुए इस जटिल ट्रांसप्लांट को सफल बनाया। यशोदा हॉस्पिटल में हम मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

स्वतंत्रता संग्राम के वीरों की याद में होगा 2 मिनट का मौन धारण कार्यक्रम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन अनुभाग उ०प्र० शासन द्वारा दिनांक 23-01-2025 के अन्तर्गत भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दिनांक 30 जनवरी, 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे 02 मिनट का मौन धारण करने के निर्देश दिये गये हैं। अत: समस्त विभागाध्यक्ष/अधिकारीगण/कर्मचारीगण से अनुरोध है कि कृपया भारत सरकार /उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में दिनांक 30 जनवरी, 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे 02 मिनट का मौन धारण कर कृत कार्यवाही की आख्या कार्यालय को भिजवाने का कष्ट करे।

वार्ड 97 के सहयोग पार्क में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड नंबर 97 के सहयोग पार्क में आरडब्लूए ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का आयोजन किया। आरडब्लूए के उपाध्यक्ष सतबीर ने बताया गणतंत्र दिवस के अवसर पर सहयोग पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों को देशभक्ति पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता निर्धारित की गई। जिसमें बच्चों ने चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस भारत माता के चित्र बनाये। इस अवसर पर संजीव ज एसएन उपाध्याय, सतबीर, राकेश शर्मा, हैप्पी, मदन, शालू, शिल्पा, गीता चड्ढा, प्रीति, आरती शरण, पुनीत दुग्गल, सुरजीत बिंद्रा, दिलबाग सिंह आदि आरडब्लूए की टीम का सहयोग रहा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने समाजसेवी अजय गुप्ता से की शिष्टाचार भेंट

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, जिनको 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक से अलंकृत किया गया था, आज समाजसेवी अजय गुप्ता के निवास पर शिष्टाचार भेंट करने के लिए आए, राहुल पाल ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी के रूप में कर्तव्य पूर्ण कार्य करें, और कई जगह हुए अग्निकांड मे अपनी सूजबुझता और अपने कर्तव्य का पालन करते हुए, अनेकों लोगों का जान माल की रक्षा की, उनकी बहादुरी को मध्य नजर रखते हुए, गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनको राष्ट्रपति पदक से सुशोभित किया गया, समाजसेवी अजय गुप्ता ने उनको पगड़ी एवं पटका, भगवान राम का प्रतीक सिंह देकर सम्मानित किया, ऐसे मिलनसार, और हंसमुख, और युवा अधिकारी के लिए हम सब उनका अभिनंदन करते हैं, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

लिस्ट ने बढ़ाई किस एसीपी की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बड़ी संख्या में एसीपी अधिकारी हैं। तो कई ऐसी लगातार चार्ज तो कई इंतजार में हैं। तो वहीं बीते दिनों आई एसीपी बदलाव वाली लिस्ट ने एक एसीपी की टेंशन और बढ़ा दी है, ऐसी सूत्रों के जरिए जानकारी मिली है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि सिटी से लेकर कई जगह कार्यवाहक की भूमिका निभाने के बाद भी एक एसीपी को इस बार भी मौका नहीं मिला पाया है। वहीं सूत्र बता रहे हैं उनको इस लिस्ट में पूरी संभावना थी कि उनको कहीं पर चार्ज मिल जाएगा, पर इस बार भी उनका नाम लिस्ट से दूर ही रहा। सूत्र बता रहे हैं कि उनसे अधिकारियों की ऐसी नाराजगी है कि वह इन दिनों लिस्ट से आउट चल रही हैं। सूचनाओं मिली है कि पुलिस कमियनरेट सिस्टम गाजियाबाद में चार एसीपी वाली लिस्ट के एक समय उनके नाम की चर्चा हुई लेकिन एकदम उस नाम पर आपत्ति आ गई और फिर वह नाम चर्चा से भी बाहर हो गया। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वहीं बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आने वाले दोनों एसीपी पर भी कृपा नहीं हो पाई है। उनको अभी टेस्टिंग वाली लिस्ट में डाल दिया गया है। तो वहीं देहात जोन पहुंचे एक एसीपी पर भरोसा इसलिए जताया गया है कि क्योंकि उन्होंने अपने सिटी के दोनों सर्किल के दौरान जब कार्यवाहक वाली भूमिका निभाई तो पूरी मेहनत और शिद्दत से काम किया। साथ ही नदियापार में भी परिणाम देने का काम किया है। सुनने में आया है कि खुद उनके ही साथी एसीपी ने भी ऊपर तक यह मैसेज पहुंचा, जिसका फायदा उनको मिला है। इसके साथ ही जिस तरीके से एक एसीपी देहात से साइड लाइन किए गए हैं उसको लेकर चर्चा है कि उनके सर्किल के एक थाने के कारनामों पर लगातार अधिकारियों और एक भगवा विधायक की नजर थी। बताया जा रहा है कि यही वजह है कि उनको एक बार फिर साइड लाइन किया गया है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके की यह लिस्ट आई है, उसको लेकर कई तरह की चर्चाएं भी चल रही है, पर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी महाकुंभ को लेकर फाइनल वाली लिस्ट में कुछ सस्पेंस बना रह सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से एसीपी का बीते दिनों बदलाव हुआ है, तो आने वाले दिनों में कुछ थाना प्रभारियों के लिए खतरे वाली घंटी भी बज सकती है और उसकी पहली धमक देहात जोन से सुनाई देगी, इसी चर्चा सुनने में आ रही है।

रवि अग्रवाल एवं उनकी टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नागरिक सुरक्षा के डिप्टी डिवीजनल वार्डन वार्डन रवि अग्रवाल के द्वारा विगत 18-12-2024 को जी 10, सेक्टर 11, प्रताप

विहार, गाजियाबाद पर मकान में धुआं उठता देखकर नागरिक सुरक्षा के वार्डन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने देखा कि आग मकान के प्रथम व द्वितीय तल पर भयंकर रूप से जल रही है। जिसको अग्निशमन यूनिट द्वारा अथक प्रयास कर नियंत्रण किया गया। उक्त अग्निकांड को नियंत्रित करने एवं जान माल रक्षा करने में रवि अग्रवाल (प्रभारी डिप्टी डिवीजनल वार्डन), सुरेंद्र कुमार (प्रभारी पोस्ट वार्डन) एवं ब्रिज पाल सिंह (सेक्टर वार्डन) द्वारा अग्नि शमन विभाग के साथ सराहनीय योगदान दिया। जिसके लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद राहुल पाल द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। नागरिक सुरक्षा के वार्डन सदैव ही जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, गाजियाबाद उप नियंत्रक रविंद्र प्रताप, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी, प्रभारी डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल के निदेर्शानुसार कार्य करते हैं। रवि अग्रवाल एवं उनकी टीम के द्वारा किए गए कार्य की दृष्टिगत सभी को नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने किया जनपद गाजियाबाद का भ्रमण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। वी. के. सिंह, निदेशक, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, लखनऊ द्वारा जनपद गाजियाबाद का भ्रमण एवं जनपद स्तरीय अधिकारी / पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम निदेशक महोदय द्वारा थाना कौशाम्बी में पंजीकृत मुकदमें की स्थलीय जॉच / घटना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पीड़ित के परिवार वालों द्वारा अवगत कराया गया कि वह पुलिस विभाग की कार्यवाही से सन्तुष्ट हैं। तदोपरान्त थाना कोतवाली गाजियाबाद में पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित घटना स्थल का निरीक्षण एवं पीडित से मुलाकात की गई। निरीक्षण में पीड़ित के परिवार वालों द्वारा अवगत कराया गया कि वह पुलिस विभाग की कार्यवाही से सन्तुष्ट हैं। निदेशक महोदय द्वारा विकास भवन स्थित सभागार में पुलिस विभाग के अधिकारी/ जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर जनपद में पंजीकृत 14 मुकदमों में पुलिस कार्यवाही एवं अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को आर्थिक सहायता की समीक्षा की गई। इस दौरान कोतवाली थाना क्षेत्र से सम्बंधित एक पीड़िता से वार्ता भी की गयी। पीड़िता द्वारा अवगत कराया गया कि वे पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही से सन्तुष्ट हैं। निदेशक महोदय ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सभी मुकदमों की प्रगति एवं निस्तारण रिपोर्ट उन्हें प्रेषित करेंगे। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त (महिला अपराध) प्रियाश्री पाल, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली श्री रीतेश त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री वेद प्रकाश मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर श्री अरूण दीक्षित, उपजिलाधिकारी लोनी राजेन्द्र उपस्थित रहे।

महिला ने लगाई फांसी, जेठ करता था मानसिक उत्पीड़न

मुरादनगर (करंट क्राइम)। मुरादनगर में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक विधवा महिला ने कथित तौर पर जेठ की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। भदौली गांव में 13 जनवरी की सुबह मोनिका वाल्मीकि का शव पंखे से लटका मिला था। प्रारंभ में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच के दौरान एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में पुलिस ने पाया कि यह हत्या का मामला नहीं, बल्कि आत्महत्या का मामला है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका के पति की चार महीने पहले कैंसर से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद

से मोनिका अधिकतर समय अपने मायके में बिताती थी। इस बात को लेकर उनके जेठ नीरज उनका मानसिक उत्पीड़न करते थे। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में नीरज को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने भाभी को मायके जाने को लेकर डांटा था, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की और गहराई से जांच कर रही है।

ध्वजारोहण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर गणतंत्र दिवस मनाया। पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सलामी दी।

महाकुंभ : अमित शाह ने बेटे संग लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रयागराज महाकुंभ पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। सोमवार दोपहर करीब एक बजे संतों के मंत्रोच्चार के बीच शाह ने आस्था की डुबकी लगाई, 'जल आचमन' किया, सूर्य को जल अर्पित किया और कुछ शीर्ष संतों के मार्गदर्शन में अन्य अनुष्ठान किए।

महाकुंभ मेले में परिवार के साथ पहुंचे थे शाह : महाकुंभ मेले के पवित्र स्नान के लिए सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह अपनी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह व उनकी पत्नी ऋषिता और उनके बच्चों के साथ त्रिवेणी संगम पहुंचे थे। उन्होंने परिवार के साथ महाकुंभ में अनुष्ठान किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वीआईपी घाट पर डुबकी लगाई। पहले वह शाह के साथ थे लेकिन जब वरिष्ठ भाजपा नेता डुबकी लगा रहे थे, तो आदित्यनाथ समूह के पीछे चले गए। जूना पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि ने आदित्यनाथ से अनुष्ठान में शामिल होने के लिए कहा और मुख्यमंत्री फिर से आगे आए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी किया स्नान

अमित शाह के बेटे जय शाह ने संगम पर 'आरती' सहित अनुष्ठानों में भाग लिया। शीर्ष संतों ने जय शाह और ऋषिता के हाल ही में जन्मे बच्चे को भी आशीर्वाद दिया। उनकी बड़ी बेटी आरती के दौरान उनके साथ थी। इस अवसर पर मौजूद संतों में योग गुरु रामदेव भी शामिल थे।

इससे पहले प्रयागराज पहुंचने पर शाह का हवाई अड्डे पर स्वागत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने किया। यूपी भाजपा प्रमुख भूपेंद्र चौधरी सहित पार्टी के अन्य नेता भी हवाई अड्डे पर मौजूद थे। दोपहर करीब 12 बजे शाह गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर अरैल स्थित वीआईपी घाट पहुंचे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के साथ शाह ने जूना पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि जी महाराज और कुछ अन्य शीर्ष संतों के साथ एक घाट पर बातचीत की।

शाह के दौरे के दौरान मेला क्षेत्र और प्रयागराज में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मेला क्षेत्र को पूरी तरह से वाहन निषेध क्षेत्र घोषित किया गया था, वहीं प्रयागराज शहर में कई स्थानों पर मार्ग परिवर्तन किया गया था, जिससे स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों पर असर पड़ा।

इससे पहले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संत जनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुकता प्रकट की। शाह ने सोशल मीडिया मंच ह्लएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा ह्लह्यमहाकुंभह्ल सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। कुंभ समरसता पर आधारित हमारे सनातन जीवन-दर्शन को दशार्ता है ह्ल उन्होंने आगे कहा ह्लआज धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संत जनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।

26 फरवरी तक चलेगा महाकुंभ : प्रयागराज महाकुंभ का आज 15वां दिन है। रविवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहुंचे थे। आज गृह मंत्री अमित शाह ने परिवार के साथ पवित्र स्नान किया। बता दें कि महाकुंभ मेले का शुभारंभ 13 जनवरी से हुआ है और यह 26 फरवरी तक चलेगा।

महाकुंभ जा रहे 35 यात्री बाल-बाल बचे, कोहरे के कारण हुआ हादसा

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण बड़ा हादसा होने से बचा। सुबह करीब साढ़े पांच बजे महाकुंभ मेले के लिए जा रही सोहराब गेट डिपो की बस लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं।

उसमें सवार 35 यात्री बाल-बाल बचे। उन्हें दूसरी बस से प्रयागराज भेजा गया।

मेरठ के सोहराब गेट निवासी चालक सत्येंद्र पाल बस से 35 यात्रियों को लेकर प्रयागराज कुंभ के लिए जा रहे थे। मोहल्ला कहरान में राष्ट्रीय राजमार्ग पर घने कोहरे में सामने आई गन्ने की ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने में बस अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बस सड़क के किनारे गहरे गड्ढे में चली गई और एक तरफ झुक गई। चालक ने सूझबूझ से बड़ा हादसा टाल दिया।

बस में सवार महाकुंभ जाने वाले सभी 35 यात्री सुरक्षित बच गए। उन्हें दूसरी बस से कुंभ के लिए रवाना किया।

इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने जेसीबी मशीन से बस को गड्ढे से निकलवाकर रोडवेज परिसर में खड़ा करवा दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

संगम में डुबकी लगाने के बाद अखिलेश यादव बोले- 'नकारात्मक राजनीति के लिए कोई जगह नहीं'

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव प्रयागराज में महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचे। इस मौके पर महाकुंभ में स्नान के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ सभी लोग बिना बुलाए ही आते हैं। लोग अपनी निजी आस्था लेकर यहां आते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि संगम में मैंने 11 पवित्र डुबकियां लगाईं हैं। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। जिस दिन मैंने हरिद्वार में डुबकी लगाई, वह दिन एक उत्सव था। आज मुझे यहां पवित्र डुबकी लगाने का अवसर मिला।

'बुजुर्गों के लिए हो खास इतंजाम' : समाजावादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों को इस आयोजन को खेल आयोजन नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि अलग-अलग स्थानों से जो बुजुर्ग लोग आ रहे हैं, जिनके लिए ऐसा प्रबंधन होना चाहिए था कि किसी को कोई परेशानी न हो।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ बंटवारे की जगह नहीं है। कुंभ में सद्भाना, सद्भाव, सहनशीलता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुलडोजर चले न चले सरकार कैसे बचेगी, जब सरकार नहीं होगी तो बुलडोजर किसके पास रहेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि नेता जी के समय में जो कुंभ हुआ था, तब कम संसाधन में कुंभ कराया गया था। उन्होंने दावा किया कि लोगों को यहां असुविधा हो रही है चलने के लिए। ऐसे में बुजुर्गों के लिए कोई ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि उनको ज्यादा न चलना पड़े।

'मां गंगा के सामने झूठ बोल रहे लोग' : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि लोग मां गंगा के सामने झूठ बोल रहें हैं। 10 हजार करोड़ में क्या कुछ नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा, सरकार महाकुंभ को 10 हजार करोड़ का बजट और दे ये हमारी मांग है।

लोगों को समस्याएं नहीं होनी चाहिए। लोगों को सामान उठा के ज्यादा चलना ना पड़े।

सामजिक सद्भाव : मुस्लिमों ने श्रद्धालुओं को पिलाया पानी

प्रयागराज। संगम नगरी प्रवेश करते ही आपको आस्था, श्रद्धा, सामाजिक समरसता और सद्भाव के रूप दिखने को मिलने लगेंगे। कुंभ के विशेष स्नानों में से एक या यूं कहें कि कुंभ का सबसे प्रमुख स्नान मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला महाकुंभ मेला पहुंच रहा है।

लगभग हर दिशा से आने वाले वाहनों को मेला क्षेत्र से तकरीबन 20-25 किमी पहले ही रोक लिया जाता है, ताकि यातायात व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित न हो। ऐसे में श्रद्धालु पैदल ही संगम क्षेत्र पहुंच रहे हैं।

रविवार को धूप निकलने से पारा चढ़ा तो पैदल चल रहे यात्रियों का गला प्यास से सूखने लगा।

ऐसे में कानपुर की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन बमरौली में पार्क कराए गए तो लोग पैदल ही संगम के लिए चल दिए। ऐसे में मुस्लिम समुदाय के लोग आगे आए। सामाजिक सद्भाव का उदाहरण बन उन्होंने लोगों को न सिर्फ पानी पिलाया, बल्कि चाय के साथ बिस्किट के पैकेट भी वितरित किया।

मोहम्मद राशिद और उनके साथ इस सामाजिक काम में लगे लोगों ने बताया कि यह हमारा सौभाग्य है, जो हम इस पावन संगम की धरती पर लोगों की सेवा कर पा रहे हैं। हम सब भाई भाई हैं। हम लोगों के दिल में बसना चाहते हैं।

दिल्ली वालों को केजरीवाल की 15 पक्की गारंटियां

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के बाद आज सोमवार को आम आदमी पार्टी ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस बार के घोषणा पत्र में आप पार्टी ने दिल्ली वालों को 15 गारंटी दी हैं। घोषणा पत्र को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जारी किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह मौजूद रहे।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस या दूसरी पार्टियां चुनाव में जो भी घोषणाएं करती हैं वो चुनावी जुमले होते हैं। हमने गारंटी शब्द इस्तेमाल करना शुरू किया तो इन्होंने भी गारंटी शब्द इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। गारंटी शब्द को भी इन्होंने बर्बाद कर दिया। अब ये केजरीवाल की पक्की वाली गारंटी है। उनके जैसे कच्ची वाली गारंटी नहीं है।

आगे कहा कि आज हम 15 केजरीवाल की गारंटियां जारी कर रहे हैं जो अगले 5 साल में पूरी की जाएगी। इसमें पहली गारंटी रोजगार की है। दूसरी गारंटी हर महिला को 2100 रुपए प्रतिमाह की महिला सम्मान योजना और तीसरी इलाज के लिए संजीवनी योजना और चौथी गारंटी के तहत हम पानी के बिल का सही भुगतान सुनिश्चित करेंगे।

दिल्लीवालों के लिए अरविंद केजरीवाल की 15 पक्की गारंटियां

1. बेरोजगारी की समस्या को दूर करेंगे।
2. महिला सम्मान योजना के तहत हर महिला को हर महीने 2100 रुपये देंगे।
3. संजीवनी योजना के तहत बुजुर्गों को फ्री इलाज मिलेगा।
4. गलत बढ़े हुए पानी के बिल माफ होंगे।
5. दिल्ली के सभी घरों में सातों दिन 24 घंटे साफ पीने का पानी मिलेगा।
6. स्वच्छ यमुना का वादा है।
7. यूरोप की तर्ज पर दिल्ली की सड़कें बनाई जाएंगी।
8. डॉ. अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना दी जाएगी।
9. सभी छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा दी जाएगी। मेट्रो किराए में 50 फीसदी की छूट मिलेगी।
10. पुजारी और ग्रंथी योजना के अनुसार सभी पुजारियों और ग्रंथियों को 18000 रुपये प्रति माह।
11. किराएदारों के लिए मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी की योजना भी लागू की जाएगी।
12. सभी बंद और पुरानी सीवेज लाइनों को बदला जाएगा।
13. दिल्ली सरकार नए राशन कार्ड बनवाने का विकल्प खोलेगी।
14. ऑटोवालों और ई-रिक्शा चालकों की बेटियों की शादी के लिए आर्थिक मदद देंगे। बच्चों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी। चालकों के लिए 10 लाख रुपये का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देंगे।
15. स्वतंत्र सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति और रखरखाव के लिए आरडब्ल्यूए को विशेष फंड दिया जाएगा।

प्रवेश वर्मा का बड़ा आरोप, बोले- केजरीवाल बंटवा रहे 500-500 रुपये, कैलेंडर में छिपाकर दिए गए नोट

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। अब नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने आप के राष्ट्रीय संयोजन अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रविवार को प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल वोट के बदले नोट बांट रहे हैं।

कैलेंडर में डालकर दिए 500 रुपये

वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि आप के कार्यकताओं ने नई दिल्ली विधानसभा इलाके की झुग्गियों में रहने वाले लोगों के घरों में कैलेंडर में 500-500 रुपये के नोट डालकर दिए हैं। इसका एक वीडियो संजय कैंप से सामने आया था। पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इन्होंने बताया कि ये सभी 800 रुपये दिहाड़ी पर काम कर रहे हैं।

चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस से की शिकायत

प्रवेश वर्मा ने इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग दोनों से की है। इसमें उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात कही है। साथ ही इस गिरोह का भंड़ाफोड़ करने की मांग की है। फिलहाल इन आरोपों पर आम आदमी पार्टी की ओर से कोई सफाई नहीं आई है।

बढ़ी प्रवेश की मुश्किल

दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पंजाबी लोगों की दिल्ली में घूम रही गाड़ियों को लेकर सुरक्षा संबंधी बयान देने वाले भाजपा नेता प्रवेश शर्मा के खिलाफ रविंदर सिंह ने बठिंडा अदालत में मानहानि का केस दायर किया है। इस मामले में 28 जनवरी को सुनवाई होगी। इसके चलते एक बार फिर से भाजपा को विपक्षी दलों के विरोध का सामना करना पड़ रहा।

उत्तराखंड ने रचा इतिहास...लागू हुआ यूसीसी, सीएम ने किया लोकार्पण

देहरादून। उत्तराखंड में ढाई साल की तैयारियों के बाद आज इतिहास रच दिया। आज समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में यूसीसी के पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण किया। वहीं, इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। इसी के साथ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया।

समान नागरिक संहिता के लिए 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट दो फरवरी 2024 को सरकार को सौंपी थी। इसके बाद आठ मार्च 2024 को विधानसभा में विधेयक पारित किया गया। विधानसभा से पास होने के बाद इस इसे राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा गया। यहां से 12 मार्च 2024 को इस अधिनियम पर राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया। इसके बाद यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गईं। नागरिकों और अधिकारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किए गए। बीती 20 जनवरी को यूसीसी की नियमावली को अंतिम रूप देकर कैबिनेट ने इसे पास कर दिया।

बीते कई दिनों से इसके पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन को लेकर विभिन्न स्तरों पर मॉक ड्रिल भी चल रही थी। शुक्रवार को हुई मॉक ड्रिल में पहले आई समस्याओं को दूर कर लिया गया। दोपहर 12.30 बजे यूसीसी की नियमावली का भी लोकार्पण किया गया।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि समिति ने कई सालों की मेहनत के बाद यूसीसी को तैयार किया है। यह हमारे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पंजीकरण की प्रक्रिया को भी आसान किया गया है।

यूसीसी समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि पंजीकरण को आसान बनाया गया है। आप एक बार हमारे पोर्टल पर आइए। फिर आप सिस्टम के पास नहीं सिस्टम आपके पास आएगा।

उत्तराखंड से निकली यूसीसी की गंगा

सीएम धामी ने कहा कि यह हमारे प्रदेश क ही नहीं बल्कि देश के लिए भी एतिहासिक दिन है। यूसीसी रूपी गंगा को निकालने का श्रेय देवभूमि की जानता को जाता है। आज अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। मैं आज भावुक भी हो रहा हूं। इसी क्षण से समान नागरिक संहिता लागू हो रही है। सभी नागरिकों के अधिकार सामान हो रहे हैं। सभी धर्म की महिलाओं के अधिकार भी समान हो रहे हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को भी धन्यवाद देता हूं उन्हीं के सहयोग से यह सब हो रहा है। जस्टिस प्रमोद कोहली और समिति का धन्यवाद करता हूं। विधानसभा के सभी सदस्यों का धन्यवाद है। आईटी विभाग और पुलिस गृह विभाग सबका धन्यवाद। जो हमने संकल्प लिया था। जो वादा किया था वह पूरा किया।

इस तरह हुई तैयारियां

- 43 हितधारकों के साथ बैठकें हुईं।
- 72 गहन विचार विमर्श बैठकें की गईं।
- 49 लाख एसएमएस प्राप्त हुए।
- 29 लाख व्हाट्सएप मैसेज आए।
- 2.33 लाख नागरिकों ने सुझाव दिए।
- 61 हजार पोर्टलों पर सुझाव मिले।
- 36 हजार सुझाव डाक से मिले।
- 1.20 लाख सुझाव दस्ती से आए।
- 24 हजार ई-मेल से भी सुझाव आए।

इन देशों की यूसीसी का किया गया अध्ययन

सऊदी, तुर्कीए, इंडोनेशिया, नेपाल, फ्रांस, अजरबैजान, जर्मनी, जापान और कनाडा।

12 वर्ष में सबसे गर्म रहा गणतंत्र दिवस
तापमान सामान्य से ऊपर, फिर सताएगी ठंड

मेरठ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव चल रहा है। इसके चलते पिछले 12 वर्ष में गणतंत्र दिवस सबसे गर्म रहा। दिन का तापमान सामान्य से 4 से 5 डिग्री ऊपर रहा है जो जनवरी माह में सही नहीं है। आने वाले दिनों में भी इसका असर दिखाई देगा।

20 जनवरी के बाद मौसम ने अचानक से पलटी मारी है। शुरू में मौसम काफी ठंडा चल रहा था लेकिन अचानक से पश्चिम विक्षोभ का रुख बदलने के चलते तेजी से मौसम में बदलाव दिखाई दिया है, जिस कारण से तापमान 22 डिग्री से 25 डिग्री के बीच में चल रहा है जो सामान्य से चार से पांच डिग्री ज्यादा है। अभी जनवरी का अंतिम सप्ताह चल रहा है और मौसम गर्म होने के कारण वैज्ञानिक भी हैरत में हैं।

हल्की बारिश की संभावना, फिर सताएगी ठंड : पिछले 12 वर्ष में गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी इस बार सबसे गर्म रही है। मौसम का तेजी से गर्म होना सही नहीं है। आने वाले समय में भी इसका असर दिखाई देगा। मौसम विशेषज्ञ डॉक्टर यूपी शाही का कहना है कि 29 जनवरी से एक पश्चिम विक्षोभ फिर से सक्रिय हो रहा है, जिसका असर वेस्ट यूपी में भी दिखाई देगा।

पहाड़ों से लेकर वेस्ट यूपी में हल्की बारिश और मौसम में बदलाव के असर होने से 1 से 2 डिग्री तापमान गिर सकता है। फरवरी की शुरूआत में मौसम में थोड़े बदलाव के असर है जिस कारण से आज का तापमान भी काम होगा।

ऐसा मौसम फसलों के लिए नहीं है अनुकूल

मोदीपुरम सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉक्टर आरएस सेंगर का कहना है कि जिस तरह से मौसम पिछले एक सप्ताह से चल रहा है यह फसलों के लिए अनुकूल नहीं है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ली गणतंत्र दिवस परेड की पुलिस लाइन में सलामी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में 26 जनवरी की परेड की सलामी कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने ली। इस मौके पर उन्होंने ध्वजारोहण करते हुए परेड का निरीक्षण भी किया। साथ ही कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अतिथि भाषण भी दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, जिलाधिकारी दीपक मीणा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, पूर्व महापौर आशा शर्मा सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड और पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अतिथि व अन्य लोग शामिल हुए।

ध्वजारोहण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर गणतंत्र दिवस मनाया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

मानव संस्कार केंद्र पर बतौर मुख्य अतिथि संजीव गुप्ता ने किया ध्वजारोहण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विवेकानंद नगर के मानव संस्कार केंद्र (विद्यापीठ) में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय में ध्वजारोहण किया। मानव संस्कार केंद्र गरीब बच्चों की उत्तम शिक्षा का जिम्मा उठाता है। वेद प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में मानव संस्कार केंद्र में सैकड़ों गरीब बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। तथा अपने संबोधन में संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मानव संस्कार केंद्र बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है। तथा यहां शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कारों का निर्माण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष वेद प्रकाश बंसल, केपी गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता अखिलेश कुमार, सुनील गर्ग, गायत्री शर्मा, पंकज गर्ग एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ स्कूल के सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

ध्वजारोहण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मृणालिनी सिंह दीदी, सुपुत्री महामहिम जनरल (डॉ.) वी के सिंह राज्यपाल मिजोरम एवं पूर्व सांसद ग़ाज़ियाबाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार। 26 जनवरी को समय सुबह 9 :00 बजे, राज्यपाल निवास 2/27, राज नगर, गाजियाबाद पर ध्वजारोहण किया।

लोहा मंडी में बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में तारा स्टील चौक पर गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया और गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन द्वारा ध्वजारोहण करके इस राष्ट्रीय पर्व को सभी उपस्थित पदाधिकारियों और लोहा व्यापारियों द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। अमर शहीदों को नमन करते हुए सभी ने संयुक्त रुप से राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय के नारे लगाए। हर्ष पूर्वक मनाए गए इस राष्ट्रीय पर्व पर सभी को मिष्ठान वितरण किया गया और बहुत ही उल्लास पूर्वक मनाए गए गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व कार्यक्रम में राष्ट्र के प्रति समर्पण, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना देखने लायक रही। गणतंत्र दिवस के आयोजन में डॉ.अतुल कुमार जैन, जय कुमार गुप्ता, सुबोध गुप्ता, राजीव मंगल, अविनाश चंद्र, दीपक सिंघल, सतीश बंसल, मोहनलाल अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, गौरव मिगलानी, राजीव अग्रवाल, अनुभव सिंगल, रजत सिंघल, हर्षित सिंघल और बाबूलाल सेन इत्यादि के अतिरिक्त काफी संख्या में लोहा व्यापारी गण, कर्मचारी गण और स्टाफ इत्यादि उपस्थित रहे।

सहकारिता कार्यालय पर मनाया गया गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सहकारी क्रय विक्रय समिति द्वारा कार्यालय पर गणतंत्र दिवस मनाया गया। सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर किसान तथा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बालमुकुंद सोसाइटी राजनगर एक्सटेंशन में मना गणतंत्र दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। बालमुकुंद सोसाइटी राजनगर एक्सटेंशन में गणतंत्र दिवस मनाया गया। बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वाइस प्रेसिडेंट तथा एओए की अध्यक्ष डॉ शबनम खान एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव प्रकाश रंजन, एडवोकेट राजीव गुर्जर, संजीव त्यागी, महेश यादव, कपिल त्यागी, सुमित एडवोकेट तथा बाल मुकुंद सोसाइटी के रेजिडेंट मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर फहराया गया झंडा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय मेरठ रोड पर जिला व महानगर के नेतृत्व में 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में झंडा फहराया गया पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकताओं के साथ सम्मिलित होकर झंडा फहराने के बाद राष्ट्रीय गान सब ने मिलकर गया जय हिंद जय भारत के नारे के साथ बार-बार नमन है उन शहीदों के चरणों में जिनकी वजह से आज हम खुली हवा में जी रहे हैं यह जो आजादी हमको मिली है यह बहुत सी कुर्बानियां करने के बाद हमको मिली है हम पर कर्ज है ऐसे शहीदों का जिन्होंने हमें यह आजादी दिलवाई।

पार्टी कार्यालय पर झंडा फहराते समय मुख्य लोगों में जिला अध्यक्ष अमित त्यागी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माइनॉरिटी इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य तेजपाल चौधरी, प्रदेश के महामंत्री रविंद्र चौहान, प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी, मोदीनगर से सत्येंद्र तोमर, भूपेंद्र चौधरी, बॉबी, अरुण चौधरी, वकील साहब, जिला महासचिव प्रदीप त्यागी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद आए हुए सभी नेता कार्यकर्ताओं को मिष्ठान प्रसाद देकर गणतंत्र दिवस की खुशी को मनाया गया।

राजकीय हाई स्कूल नूरपुर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण और राष्ट्रगान कार्यक्रम संपन्न

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 26 जनवरी 2025 को राजकीय हाई स्कूल नूरपुर, मुरादनगर, गाजियाबाद में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से संबंधित सुन्दर नाट्य प्रस्तुति दी गयी जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। साथ ही विद्यार्थियों ने सुंदर देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली हाइकोर्ट के वकील गौरव प्रताप सिंह, भुवनेश्वर, भारद्वाज, योगेश कुमार, हरि सिंह, शोभित मित्तल, प्रवीन, आशीष आदि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को राधेश्याम मास्टर की स्मृति में उनके पुत्र भुवनेश्वर के द्वारा सम्मानित भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा सुमन द्वारा इस अवसर पर आभार व्यक्त किया गया। अन्त में मिष्ठान्न वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वेव सिटी वाली शादी में बेखबर थे दो महानगर अध्यक्ष पद के दावेदार? दोनों कर रहे थे गंभीर मंत्रणा थाम कर हाथों में हाथ? लगा रहे थे देखने वाले उनकी गुफ्तगू का कयास? जी वाले दोनों नेता की चर्चा के केंद्र में कही थे तो नहीं भगवा सियासत के बिग जी भाई साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में चल रही है भगवा तकरार? आप मंडल में चल रहे दंगल को नहीं कर सकते इग्नोर? अभी तो अध्यक्ष वाली घोषणा के बाद आना है इसी भूमि पर सबसे रोचक मोड़? कमांडर गुट के सोल्जर दे रहे हैं नारा ? नेता तो वो ही रहेगा हमारा? क्या दे रहे हैं वो सोशल मीडिया पर ये संदेश? हम घायल हुए तो क्या हुआ? हम लड़ेंगे हम बढ़ेंगे, चाहे कितना ही हो क्लेश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार से आई आवाज? मेरा अध्यक्ष मेरा स्वाभिमान? फिर कहा विधायक संजीव शर्मा जिंदाबाद? लाजपत वाले व्हाट्सप पथ पर हुई ये बात? क्या सूद ले गए बात को 2012 के अतीत में? कहा यहां फिर से होगा किसी के नाम का आलोक? फिर आ गए पार्षद भी मैदान में? उन्होंने याद दिलाया कि हम कल जहां थे आज भी वहीं हैं? फिर ओर स्पष्टता से समझाया? अध्यक्ष को कहा स्वाभिमान और लिखा विधायक संजीव शर्मा जिंदाबाद? कुछ तो असर दिखाएगा ग्रुप पर उमड़ा ये जज्बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जीडीए बोर्ड सदस्य वाली लिस्ट अभी हो गई है होल्ड? सुना है जो खुद को मान कर चल रहे थे इस लिस्ट में फाइनल? उन्हीं के नाम पर लग गया है कट? कहने वाले ने कहा कि उनका नाम एक बड़े दरबार में आते ही आवाज गूंजी थी हट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में क्या उठी है ये आवाज? पार्षद भी ये ओर क्षेत्रीय भी ये ओर महानगर भी ये? सुना है कि भीतर भीतर बनाया जा रहा है घमासान? सब कुछ एक परिवार में देने का चलन नहीं है भाजपा में श्रीमान? सुना है दिल्ली में किसी बड़े भाई साहब के सामने रख दी गई है ये बात? एकतरफा मोहब्बत अब नहीं की जाएगी किसी भी सूरत में बर्दाश्त?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में बिन्नू की हार का मिलेगा क्या एक मंडल त्यागी जी को उपहार? वो करा कर लाए थे टिकट और पार्टी गई मोहल्ले में हार? सुना है विरोधियों ने इस बात को बना लिया है सियासी विरोध का हथियार? वो बना रहे हैं इस हार को लेकर संगठन टीम में माहौल? कह रहे हैं कि जो वार्ड में फूल नहीं खिला पाए वो क्यों कर रहे हैं महानगर टीम में जाने का उपाय? वो दे रहे हैं तर्क? जब वार्ड में हार गए तो क्यों कर रहे हैं त्यागी जी टीम में महा मंत्री बनने के लिए वर्क?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उठ गई पार्षदों के खेमे में ये आवाज? जब अफसरों ने नहीं मानी कैबिनेट मंत्री और विधायक जी की बात? तो हम क्या चीज है उनके लिए साहब? वो याद दिला रहे हैं उस वाली मीटिंग की बात? जिस मीटिंग में कैबिनेट मंत्री भी थे, दूसरे विधायक भी थे और हुई थी हाउस टैक्स न लागू करने की बात? पार्षद ने कहा अजी अफसरों ने नोटिस भी भेजे और वसूल भी लिया कर? हमे तो समझ ही नहीं आया कि फिर ये पावर सेंटर क्या चाय पीने के लिए ही बैठे थे एक साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों में हो रही थी इस बात की चर्चा? हाई कमान ही जारी कर दे अब ये फरमान? इलेक्शन कोई सा भी हो और पद कोई सा भी हो बस पहला हक होगा उन पर मैडम का? अगर वो कर दे इंकार तो फिर हो किसी ओर नाम पर विचार? कहने वाले ने कहा कि उन्होंने नहीं लड़ा मेयर का चुनाव ओर शहर विधायक वाले चुनाव से भी किया था इंकार? सुना है कांग्रेसी ने ही चुटकी ली और कहा तभी तो मिला था बाकी को मौका? ऐसे ही नहीं है उनका हाथ के महकमे में मजबूत झोंका?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फूल वालों के यहां बन रहा है फूल वाले को ही रोकने का चक्रव्यूह? सुना है 2 पार्षदों को जीडीए बोर्ड सदस्य बनने से रोकने के लिए तैयार हो रही है योजना? बड़ी ताकत नहीं चाहती है इन 2 चेहरों को जीडीए बोर्ड में भेजना? यहां पर इस मामले में मिस्टर जाट और मिस्टर त्यागी को लेकर मिल रही है इस बात की सूचना?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले महावतों वाले मोहल्ले में नहीं है सियासी जोश? सुना है कोई चाहता था कि हो जाए जिला महावत का अभिनंदन ? मगर मोहल्ला महावतों ने कर दिया इस बात से इनकार? सुना है उपचुनाव वाली नाराजगी आ गई बाहर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Poonam Sharma
23h
उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2025 समारोह में मुख्य अतिथि सांसद श्री अतुल गर्ग जी, महापौर श्रीमती सुनीता दयाल जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता त्यागी जी, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल जी और अनेक विभागाध्यक्ष शामिल हुए, इस अवसर पर अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए व उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।जिला प्रशासन गाजियाबाद और अतिथियों द्वारा सराहना प्राप्त करना सदैव सुखद होता है 😊

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सम्मान की परम्परा शहर की संस्कृति का परिचय देती है। पूनम शर्मा ने अपनी फेसबुक पोस्ट को साझा किया और बताया कि सराहना प्राप्त करना सदैव सुखद होता है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

अजमतुल्लाह उमरजई ने आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनकर रचा इतिहास

दुबई । अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई साल 2024 के लिए आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए हैं। अफगानी खिलाड़ी ने इस पुरस्कार को पाने की कतार में खड़े वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड और श्रीलंका के कुसल मेंडिस और वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ दिया है।

उमरजई इस प्रतिष्ठित सम्मान को जीतने वाले अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। साल 2024 में उमरजई 52.12 की औसत से 417 रन बनाकर अफगानिस्तान के दूसरे सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

उमरजई एएम गजनफर के बाद 50 ओवर के लिमिटेड ओवर में अफगानिस्तान के लिए दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी थे। जिन्होंने 14 मैचों में 20.47 की औसत से 17 विकेट लिए, और टीम ने कैलेंडर वर्ष में अपनी पांच एकदिवसीय श्रृंखलाओं में से चार में जीत हासिल की।

उमरजई (24) ने साल के अपने पहले वनडे में ही धमाल मचा दिया था। जहां उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। नाबाद 149 रन की पारी खेली। हालांकि, अफगानिस्तान यह हार गई। लेकिन उमरजई की बल्लेबाजी ने क्रिकेट फैंस का दिल जीत लिया।

उमरजई दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करियर की एक और शानदार पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 50 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाए। उनकी तेज पारी ने दूसरे वनडे में अफगानिस्तान की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

नवंबर 2024 में शारजाह में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में उनका सबसे उल्लेखनीय प्रदर्शन सामने आया। उमरजई ने किफायती गेंदबाजी की और डेथ ओवरों में मास्टरक्लास प्रदर्शन किया। जिसमें सेट बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज को आउट करना शामिल था। उन्होंने सात ओवरों में 4-37 के आंकड़े हासिल किए और बांग्लादेश को अपनी पारी में मजबूत फिनिश से दूर रखा।

मैच और सीरीज जीतने के लिए 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जब उमरजई क्रीज पर आए तो अफगानिस्तान 84/3 पर मुश्किल स्टेज पर था। उन्होंने गुरबाज के साथ शतकीय साझेदारी करके अपनी टीम को मैच और सीरीज जिताने में भूमिका निभाई। उमरजई ने 77 गेंदों पर 70 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 10 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

सुनील गावस्कर के बाद अब अश्विन ने भी लिए हैरी ब्रूक के मजे

नई दिल्ली । भारतीय टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक के उस बहाने पर मजे लिए जिसमें उन्होंने कहा था कि कोलकाता में धुंध के कारण बल्लेबाजों को स्पिनरों का सामना करने में परेशानी हुई थी। मौजूदा टी20

सीरीज के शुरूआती दो मैचों में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कोलकाता में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में इंग्लैंड 132 रन पर ऑलआउट हो गई थी, जबकि दूसरे मैच में नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी थी। कोलकाता में खराब प्रदर्शन के बाद धुंध का दिया था बहानाइंग्लैंड के पहले टी20 में खराब प्रदर्शन के बाद हैरी ब्रूक ने कहा था।

एसए20 : जॉबर्ग सुपर किंग्स ने हासिल की सनराइजर्स पर बोनस अंक की जीत

जोहान्सबर्ग । जॉबर्ग सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विल्जोएन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाजों को तहस-नहस कर दिया। वांडरर्स स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सुपर किंग्स ने नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

पिछले कुछ हफ्तों से हाइवेल्ड में बारिश हो रही थी, लेकिन इस बार वांडरर्स में बढ़िया मौसम था। सुपर किंग्स के फैंस पूरे जोश के साथ स्टेडियम में अपनी टीम का समर्थन करने पहुंचे।

सिपामला (3-13) ने इस मैच में जोरदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को सेंट जॉर्ज पार्क में उन्होंने गलती से नो बॉल फेंकी थी, जिस पर उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली को क्लीन बोल्ड किया था। लेकिन रविवार को उन्होंने उसी बल्लेबाज को स्लिप में कैच कराकर अपनी गलती का हिसाब चुकाया। पहले ओवर में ही उन्होंने टॉम एबेल को भी बोल्ड कर दिया। इस तरह सनराइजर्स की टीम 0/2 पर लड़खड़ा गई। यह सिपामला और उनकी टीम के लिए एक शानदार शुरूआत थी।

इसके बाद सनराइजर्स की हालत और खराब हो गई। जॉर्डन हरमैन और एडन मार्करम के आउट होने से टीम का स्कोर 17/4 हो गया। डेविड बेडिंगम (48) और ट्रिस्टन स्टब्स (37) ने पारी संभालने की कोशिश की और 57 रनों की साझेदारी निभाई, लेकिन हार्डस विल्जोएन (4-24) ने आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी कर टीम को 118 रन पर ही समेट दिया। सुपर किंग्स के फील्डरों ने भी कमाल किया। डोनोवन फरेरा ने बाउंड्री पर एक हाथ से शानदार कैच पकड़कर बेयर्स स्वानेपेल को पवेलियन भेजा।

सुपर किंग्स की बल्लेबाजी भी शानदार रही। डेवोन कॉन्वे (76 नाबाद, 56 गेंद) और विहान लुब्बे (25 नाबाद, 17 गेंद) ने छह ओवर शेष रहते ही मैच जीत लिया।

यह मैच सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डू प्लेसिस के लिए खास था, क्योंकि यह उनका 400वां टी20 मैच था। फाफ ने कहा, टी20 में कभी भी कुछ भी हो सकता है। ऐसी जीत के बाद आप खुद को टॉप पर महसूस करते हैं। पावरप्ले में दो विकेट मिलना विरोधी टीम को तोड़ देता है।

उम्मीद की एक नई किरण बनेगा अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम का टी20 मैच : निक हॉकले

नई दिल्ली । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम का मेलबर्न में होने वाला प्रदर्शनी मैच देश की महिलाओं के लिए उम्मीद की एक नई किरण है। तालिबान के देश पर कब्जे के बाद, अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट खिलाड़ी अब मेलबर्न और कैनबरा में बस गई हैं। ये खिलाड़ी गुरुवार को मेलबर्न के उत्साहजनक होगा। मेरी उम्मीद है कि यह मैच कई सकारात्मक चर्चाओं को जन्म देगा, इसे हर साल आयोजित किया जाए, और अंततः यह टीम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करे।

हॉकले ने अफगान खिलाड़ियों की कठिनाइयों पर भी बात की। उन्होंने कहा, उनके लिए एक नए देश में बसना, भाषा न जानना, और इतने मुश्किल हालातों का सामना

जंक्शन ओवल मैदान पर क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन टीम के खिलाफ टी20 मैच खेलेंगी। इस मैच के बाद, उसी दिन शाम को एमसीजी में डे-नाइट महिला एशेज टेस्ट मैच होगा। हॉकले ने यह भी बताया कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अफगानिस्तान की महिला टीम के खिलाड़ियों को भविष्य में मैच आयोजित करने के लिए आमंत्रित करने की योजना बना रहा है।

उन्होंने कहा, यह पहला कदम है। इंग्लैंड से हमारे ईसीबी के साथी महिला एशेज देखने आएंगे, और अफगान महिला टीम को समर्थन देने के लिए बातचीत जारी है। सबसे पहले, जागरूकता बढ़ानी जरूरी है। गुरुवार का दिन बेहद खास और करना आसान नहीं रहा। लेकिन उनका हौसला, क्रिकेट के प्रति प्रेम, और उनकी दृढ़ता प्रेरणादायक है। यह मैच उनकी कहानी और उनकी ताकत को दुनिया के सामने लाने का एक अवसर है। हॉकले ने वह पल भी याद किया जब खिलाड़ियों ने पहली बार अपनी जर्सी देखी। उन्होंने कहा, जब उन्होंने अपनी जर्सी पर अपने नाम और नंबर देखे, तो उनकी खुशी देखने लायक थी। यह उनके लिए कितना मायने रखता है, यह साफ दिखा। उन्होंने कहा, यह सिर्फ इस टीम की यात्रा की शुरूआत है, लेकिन साथ ही यह बताने का जरिया भी है कि दुनिया में हर महिला और लड़की को खेल का मौका नहीं मिलता जो उन्हें मिलना चाहिए।

प्रीमियर लीग : मार्टिनेज की स्ट्राइक ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम पर 1-0 से जीत दिलाई

लंदन । लिसांद्रो मार्टिनेज के डिफ्लेक्टेड शॉट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम के खिलाफ 1-0 की जीत दिलाई। यह हार फुलहम के लिए 23 नवंबर के बाद अपनी घरेलू जमीन पर पहली हार थी।

अर्जेंटीना के खिलाड़ी मार्टिनेज ने खेल के 78वें मिनट में गोल किया। यह मैच वेस्ट लंदन में हुआ, जो काफी कड़ा मुकाबला था। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रेवेन कॉटेज में अपने पिछले आठ मैच जीते हैं, यह सिलसिला दिसंबर 2011 से जारी है।

इस सीजन की तीसरी बाहर की जीत से यूनाइटेड अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। अब टीम का ध्यान व्यस्त जनवरी में यूईएफए यूरोपा लीग पर है।

गुरुवार को यूनाइटेड की टीम रोमानिया में एफसीएसबी के खिलाफ खेलेगी। अगर यह मैच जीता तो यूनाइटेड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 में जगह बना लेगा।

मैच के पहले हाफ में यूनाइटेड ने केवल एक शॉट लगाया, जबकि फुलहम का प्रदर्शन बेहतर रहा। एलेक्स इवोबी ने सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा और दो बार यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को परेशान किया। वहीं, राउल जिमेनेज के कुछ शॉट्स क्रॉसबार के ऊपर चले गए।

दूसरे हाफ में भी खेल का पैटर्न लगभग वैसा ही रहा। हालांकि, कुछ यूनाइटेड फैंस को लगा कि ब्रूनो फर्नांडिज की 20 गज की दूरी से फ्री-किक गोल में चली गई, लेकिन गेंद साइड-नेटिंग में थी।

आखिरकार, किस्मत ने यूनाइटेड का साथ दिया। गारनाचो ने डिफेंडर को छकाते हुए पास दिया और चोटिल उगार्टे की जगह आए कॉलियर गेंद तक नहीं पहुंच सके, लेकिन मार्टिनेज ने आत्मविश्वास से कदम बढ़ाकर शानदार गोल कर दिया।

आखिरी मिनटों में फुलहम ने बराबरी की कोशिश की। जोआचिम एंडरसन ने एक कॉर्नर पर अच्छी फ्लिक लगाई, लेकिन गोल नहीं हो सका। खेल से केवल दो मिनट पहले रॉड्रिगो म्यूनिज का शॉट गोलपोस्ट के ऊपर चला गया। इसी बीच यूनाइटेड ने एक काउंटर-अटैक पर अमद ने गोल किया, लेकिन वीएआर ने इसे ऑफसाइड करार दिया।

श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस बने साल के उभरते हुए खिलाड़ी

नई दिल्ली । श्रीलंका के बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस को साल का उभरता हुआ खिलाड़ी चुना गया है। आईसीसी ने 2024 में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना है। तीनों ही प्रारूप में मेंडिस ने प्रभावित किया था। पिछले साल से पहले श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट खेलने वाले मेंडिस इस प्रारूप में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे थे।

2024 में मेंडिस के बल्ले से जमकर निकले रन

मेंडिस ने पिछले साल नौ टेस्ट मैचों में 74.92 के औसत से 1049 रन बनाए जिसमें पांच शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। वह उन छह बल्लेबाजों में शामिल हैं जिन्होंने 2024 में टेस्ट में 1000 या इससे अधिक रन बनाए। मेंडिस का औसत इन सभी में सबसे बेहतर था। मेंडिस के उम्दा प्रदर्शन के कारण एक समय श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हो गया था।

टेस्ट में तेजी से एक हजार रन पूरे करने वाले तीसरे खिलाड़ी

मेंडिस इस दौरान टेस्ट में सबसे तेजी से 1000 रन पूरे करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने थे। मेंडिस ने सर डोनाल्ड ब्रैडमैन की तरह 13 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। मेंडिस ने तीनों प्रारूप मिलाकर 1451 रन बनाए और इस दौरान उनका औसत 50 का रहा। मेंडिस ने यह अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताई और कहा कि यह उनके लिए काफी मायने रखता है।

धोनी की इस सलाह से शशांक सिंह को मिला था आत्मविश्वास

पंजाब किंग्स के बल्लेबाज ने किया खुलासा

नई दिल्ली । पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह आईपीएल 2025 की तैयारियों में जुट गए हैं। शशांक ने पिछले सत्र में अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया था और वह एक बार फिर उसी तरह का प्रदर्शन करने के लिए तैयार होंगे। शशांक ने इस दौरान बताया कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की एक सलाह ने उनका आत्मविश्वास मजबूत कर दिया था जिससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने में सफलता मिली।

पिछले सीजन दमदार रहा था प्रदर्शन

शशांक ने पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था और उन्होंने 44.25 के औसत और 164.65 की स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाए थे। वह पिछले सीजन अपनी फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। हालांकि, शशांक का पंजाब किंग्स से जुड़ने का किस्सा दिलचस्प है क्योंकि इस फ्रेंचाइजी ने दावा किया था कि वह शशांक के नाम को लेकर भ्रमित हो गए थे और उन्होंने गलती से उन्हें टीम में लिया था।

अफगान महिलाओं के लिए दरवाजे खोल सकता है मेलबर्न का मैच, टीम की खिलाड़ी उत्साहित

नई दिल्ली । तालिबान के शासन के बाद ऑस्ट्रेलिया में जाकर रह रही अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम अब एक टी20 मैच खेलने जा रही है। तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं के किसी भी तरह के खेल पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह मैच क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स के खिलाफ होगा और अफगानिस्तान की कप्तानी नाहिदा सपान कर रही हैं।

नाहिदा का मानना है कि जंक्शन ओवल में गुरुवार को होने वाला मैच देश में महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोल सकता है और उन्होंने आईसीसी से निर्वासित टीम को और अधिक समर्थन देने का आह्वान किया है।

फिलहाल अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम को मेलबर्न और कैनबरा जैसे विभिन्न ऑस्ट्रेलियाई शहरों में बसाया गया है। उनके लिए पिछले कुछ महीने संघर्ष भरे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में बसने के बाद से, नाहिदा मेलबर्न में कानेर्गी के लिए क्लब क्रिकेट खेल रही हैं।

नाहिदा ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ‘यह हमारे लिए, खास तौर पर अफगान महिलाओं के लिए बहुत खास है और ऐतिहासिक क्षण है। हम दिखा सकते हैं कि जब हम इस मैदान पर खेलते हैं, तो हम अफगानिस्तान के लिए खेलते हैं। यह अफगान महिलाओं के लिए जीत है, क्योंकि हम साथ मिलकर न केवल एक टीम बना रहे हैं, बल्कि बदलाव और प्रगति का क्षण बना रहे हैं। यह बहुत खास है।

नाहिदा ने आगे कहा कि हमें इस मैच से बहुत उम्मीदें हैं, क्योंकि यह मैच अफगान महिलाओं के लिए शिक्षा, खेल और भविष्य के द्वार खोल सकता है। हम नहीं चाहते कि यह हमारा पहला और आखिरी मैच हो। हम और मैच चाहते हैं। हम और समर्थन चाहते हैं। क्रिकेटर फिरोजा अमीरी भी अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटरों के भविष्य के बारे में मुखर रही हैं। वह विक्टोरियन प्रीमियर क्रिकेट में क्लब क्रिकेट खेलती हैं।

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 साल बाद जीता टेस्ट, वॉरिकन की शानदार गेंदबाजी

मुल्तान । वेस्टइंडीज ने 34 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट मैच जीतने का इतिहास रच दिया और इसमें जमेल वॉरिकन ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लेकर अहम भूमिका अदा की। इसके साथ ही सोमवार को मुल्तान क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सीरीज के दूसरे और आखिरी मैच में वेस्टइंडीज ने 120 रन से जीत दर्ज की।

पाकिस्तान ने तीसरे दिन 244 रनों का पीछा करते हुए 76/4 से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन वॉरिकन, सिंक्लेयर और गुडाकेश मोती की घातक गेंदबाजी के सामने 44 ओवरों में 133 रनों पर ढेर हो गई। यह जीत वेस्टइंडीज की पाकिस्तान में 1990 के बाद पहली टेस्ट जीत थी।

वॉरिकन ने चौथी पारी में 5-27 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया और सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। उन्होंने पूरे मैच में 9-70 के शानदार आंकड़े हासिल किए और वेस्टइंडीज ने इस जीत से दो मैचों की सीरीज बराबर कर ली।

तीसरे दिन वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीदें तब मजबूत हुईं, जब साउद शकील सिंक्लेयर की घूमती गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में वॉरिकन ने काशिफ अली को आउट कर पाकिस्तान को बड़ी मुसीबत में डाल दिया।

मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने थोड़ी देर तक टिककर 39 रनों की साझेदारी की, लेकिन वॉरिकन ने एक नीची रहती गेंद से सलमान को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। फिर उन्होंने रिजवान को बोल्ड किया, और मोती ने नोमान अली को मिड-ऑफ पर कैच आउट कराया।

इसके बाद वॉरिकन ने वापस आकर साजिद खान को आउट किया और अपनी मशहूर थाई-फाइव सेलिब्रेशन की। उन्होंने इस सीरीज में कुल 19 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, क्योंकि उनकी गेंदबाजी ने वेस्टइंडीज को यादगार जीत दिलाई।

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान के दौरे पर आई थी। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट मैच 127 रनों से जीता था।

उल्लेखनीय है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में इस बार ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पहुंची हैं।

रियान पराग फिट घोषित, सातवें दौर में करेंगे वापसी

नई दिल्ली । भारतीय टीम के बल्लेबाज रियान पराग फिट घोषित कर दिए गए हैं और वह रणजी ट्रॉफी के सातवें दौर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की

रिपोर्ट के अनुसार, 23 वर्षीय रियान राजकोट में 30 जनवरी से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले मुकाबले में असम की कमान संभालेंगे। रियान ने आखिरी बार पिछले साल अक्तूबर में हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मुकाबला खेला था। कंधे की चोट से परेशान थे रियान बांग्लादेश सीरीज के बाद रियान को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था, जबकि वह इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

इंग्लैंड से तीसरा टी20 मैच खेलने के लिए टीम इंडिया राजकोट पहुंची

राजकोट । सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टी20 मैच राजकोट में खेलेगी। टीम रविवार देर रात पहुंची तो प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

चेन्नई में शनिवार को दूसरा मैच दो विकेट से जीतकर भारत पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा है। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, तिलक वर्मा की नाबाद 78 रनों की पारी ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले में चार गेंद शेष रहते टीम को जीत दिलाई थी।

सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच से पहले दोनों टीमें सोमवार को अभ्यास करेंगी। मेन इन ब्लू ने सीरीज की शानदार शुरूआत करते हुए कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। उन्होंने चेन्नई में भी अपनी लय बरकरार रखी और बराबरी के मुकाबले में जीत दर्ज की।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी और रिंकू सिंह की जगह

शिवम दुबे और रमनदीप सिंह को भारतीय टीम में शामिल किया।

बीसीसीआई ने बयान में कहा, ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को 24 जनवरी को चेन्नई में अभ्यास सत्र के दौरान साइड स्ट्रेन की चोट लगी थी। वह मौजूदा 5 मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। रेड्डी उपचार के लिए बेंगलुरू में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जाएंगे।

रिंकू सिंह को 22 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में फील्डिंग करते समय पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन हुई थी। उनकी हालत में सुधार हो रहा है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी बारीकी से निगरानी कर रही है। वह मौजूदा 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20क श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रमनदीप सिंह शामिल हैं।

पाकिस्तान में एलपीजी टैंकर में विस्फोट

20 मकान तबाह, नाबालिग लड़की समेत छह लोगों की मौत, 31 घायल

लाहौर । पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक एलपीजी टैंकर में विस्फोट हो गया। हादसे में नाबालिग लड़की समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 31 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मुल्तान के हामिदपुर कनोरा क्षेत्र के औद्योगिक एस्टेट में एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट से भीषण आग लग गई। टैंकर का मलबा पास के आवासीय क्षेत्रों में जाकर गिरा। दस से अधिक अग्निशमन वाहनों और फोम आधारित अग्निशमन यंत्रों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

अफसरों ने कहा कि विस्फोट में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक शव क्षतिग्रस्त मकान से बरामद किया गया। अफसरों ने बताया कि मृतकों में एक नाबालिग लड़की और दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे में 31 लोग घायल हुए हैं। इसमें 13 की हालत गंभीर बताई जा रही है। निश्तार अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

मुल्तान के सिटी पुलिस अधिकारी (सीपीओ) सादिक अली ने बताया कि विस्फोट के बाद लगी आग में कई घर नष्ट हो गए। इसमें कई मवेशी भी मारे गए। औद्योगिक क्षेत्र में खड़े टैंकर के एक वाल्व से गैस लीक हो रही थी। लोगों को जब गैस की गंध महसूस हुई तो कुछ लोग इलाके से बाहर निकल आए थे।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर एक अवैध एलपीजी रिफिलिंग गोदाम था और रिफिलिंग के दौरान विस्फोट हुआ। एलपीजी को एक बड़े गैस सिलिंडर से छोटे सिलिंडर और व्यावसायिक सिलिंडरों में रिफिल किया जा रहा था। टैंकर में तस्करी की गई एलपीजी रखी गई थी। विस्फोट में गोदाम में मौजूद पांच छोटे और बड़े गैस सिलिंडर नष्ट हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि घटनास्थल के पास बने करीब 20 मकान पूरी तरह से तबाह हो गए और 70 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। दस दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया

पुलिस का कहना है कि सुरक्षा के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी है। लोगों को विस्फोट स्थल से दूर रहने की सलाह दी गई है। टैंकर से निकली गैस हवा में है। इसके अलावा एहतियात के तौर पर क्षेत्र में बिजली और गैस की आपूर्ति निलंबित कर दी गई है। वहीं मुल्तान-मुजफ्फरगढ़ रोड पर यातायात सुचारू कर दिया गया है।

कैपिटल हिल के कई दंगाइयों ने ट्रंप का क्षमादान लेने से किया इनकार, सजा काटने पर अड़े, वजह चौंकाने वाली

वॉशिंगटन । अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में 6 जनवरी 2021 को हुए दंगे को दोषियों को ट्रंप क्षमादान दे चुके हैं। हालांकि कुछ दंगाइयों ने ट्रंप का क्षमादान लेने से इनकार कर दिया है। ट्रंप की माफी लेने से मना करने वाले लोगों में जेसन रिडल और पामेला हेम्पहिल का नाम शामिल है। इन दोनों का मानना है कि जो इन्होंने किया, वह माफी के लायक नहीं है। दोनों लोगों के ट्रंप की माफी लेने से इनकार करने से ट्रंप के उस दावे को बड़ा झटका लगा है कि 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल हिल में जो कुछ हुआ, वह एक 'शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन' था।

क्षमादान लेने से क्यों किया इनकार

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 71 वर्षीय हेम्पहिल मानती हैं कि वह 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत के सर्टिफिकेट को जारी होने से रोकने की कोशिश कर रहे थे और वे अपने कृत्य की जिम्मेदारी लेती हैं। उन्होंने

कहा, 'ट्रंप का क्षमादान लेने से यह संदेश जाएगा कि वह (हमला) एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन था।' हेम्पहिल को कैपिटल हिल में अवैध रूप से प्रदर्शन, धरना या परेड करने के लिए साल 2022 में दोषी ठहराया गया था। इसके लिए पामेला को 60 दिन की जेल की सजा और तीन साल तक निगरानी में रहने की सजा मिली थी।

अमेरिकी नौसेना के पूर्व कर्मचारी रहे जेसन रिडल ने भी ट्रंप का क्षमादान लेने से मना कर दिया है। रिडल को अप्रैल 2022 में 90 दिन की जेल की सजा मिली थी और उन पर 750 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया था। रिडल ने कहा कि 'ट्रंप की माफी लेने से मना करने से उन्हें नौकरी मिलने की संभावना ज्यादा रहेगी।' रिडल ने कहा कि 'अगर कोई नियोक्ता मेरी पृष्ठभूमि देखता है तो उसमें संसद में दंगा और राष्ट्रपति द्वारा माफी दिए जाने का पता चलेगा, इससे मेरे प्रति गलत भावना बन सकती है।

ऐसे में मैं अपना जीवन ये सोचने में नहीं बिता सकता कि मैं जहां नौकरी के लिए आवेदन करूंगा।

रूस ने किया यूक्रेन के इस अहम शहर पर कब्जे का दावा, यूक्रेनी सेना कुछ क्षेत्रों से पीछे हटी

कीव । लगभग दो साल से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं हो पा रहा है। दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए लगातार आगे बढ़ रही हैं। अब रूस ने पूर्वी यूक्रेन के शहर पर रणनीतिक कब्जे का दावा किया है। रूस ने कहा कि देश के औद्योगिक क्षेत्र कीव की पकड़ कमजोर करने के लिए लगातार हमारे प्रयास जारी हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पूर्वी यूक्रेन की एक बस्ती वेलीका नोवोसिल्का के पतन का एलान किया। जहां युद्ध के पहले करीब पांच हजार लोग रहते थे। जबकि यूकेन का कहना है कि केवल कुछ ही क्षेत्रों से उसके सैनिक पीछे हटे हैं।

रूस के दावों की अगर पुष्टि हो जाती तो वेलिका नोवोसिल्का 2025 में यूक्रेन की थकी और कम संख्या वाली सेना के खिलाफ पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में मास्को के सामने आत्मसमर्पण करने वाला पहला महत्वपूर्ण शहर बन जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वी यूक्रेन में घेरेबंदी से बचने के लिए यूक्रेनी सेना को वेलिका नोवोसिल्का के कुछ हिस्सों से पीछे हटना पड़ा। जबकि ब्रिगेड फ्रंटलाइन यहां सक्रिय है।

यूक्रेन की ब्रिगेड ने कहा कि तोपखाने और ड्रोन के मामले उनकी ताकत रूसी सेना के लगभग बराबर है, लेकिन जनशक्ति के मामले में रूस के पास सैनिकों की बड़ी संख्या है। ब्रिगेड ने कहा कि मौसम की स्थिति और घेरे जाने का खतरा देख हमारी सैन्य इकाइयां कुछ क्षेत्रों से पीछे हट गईं। इसका मतलब यह नहीं है कि हमने शहर पूरी तरह से छोड़ दिया है। वेलिका नोवोसिल्का में लड़ाई जारी है। हमारा उद्देश्य हमारे अपने नुकसान को कम करना और दुश्मन को अधिकतम नुकसान पहुंचाना है।

ब्रिगेड ने कहा कि हमारे पीछे हटने से रूसी सेना का आगे बढ़ना भौगोलिक रूप से कठिन हो जाएगा। क्योंकि उनके आगे बढ़ने में नदी बड़ी बाधा बनेगी। दुश्मन को कोई शांति नहीं मिलेगी। क्योंकि गोले और ड्रोन के कारण उनकी हर गतिविधि बाधित कर दी जाएगी। रूसी सेना ने पिछले साल रूस ने यूक्रेन के डोनेट्स्क के अवदीवका और वुहलदार शहरों पर कब्जा कर लिया था।

विमान में न तो एसी और न ही पानी

अमेरिका से निर्वासित ब्राजीलियन अप्रवासियों के साथ अपराधियों सा सलूक

रियो डी जेनेरियो । अमेरिका से निर्वासित किए ब्राजील के अप्रवासियों के साथ विमान में अपराधियों सा सलूक किया गया। उनको विमान में न तो पानी मिला और न ही एसी चलाया गया। विमान में चार घंटे तक तमाम अप्रवासी सांस की समस्या से जूझते रहे। अप्रवासी जब ब्राजील पहुंचे तो उनके हाथों में हथकड़ी लगी थी। इस पर ब्राजील सरकार ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। ब्राजील का कहना है कि प्रवासियों के साथ किया गया यह बर्ताव मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। ब्राजील सरकार इस कृत्य के लिए ट्रंप प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगेगी। शपथ ग्रहण करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्थायी कानूनी स्थिति के बिना लाखों अप्रवासियों को निर्वासित करने के उद्देश्य से कई कार्यकारी आदेश जारी किए हैं। इसके

बाद से लगातार अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को निकालने का सिलसिला जारी है। इसी कार्रवाई के दौरान अप्रवासियों का एक विमान ब्राजील के उत्तरी मनौस शहर में उतरा। अधिकारियों ने बताया कि जब 88 ब्राजीलियन अप्रवासी विमान से उतरे तो उनके हाथों में हथकड़ी लगी थी। ब्राजीलियन अधिकारियों ने अमेरिकी अधिकारियों को तुरंत हथकड़ी हटाने के लिए कहा। ब्राजील के न्याय विभाग ने बताया कि न्याय मंत्री रिकार्डो लेवांडोव्स्की ने राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा को इस मामले की जानकारी दी।

अवैध अप्रवासियों की तलाश में गुरुद्वारों में छापे मार रही पुलिस, सिख नेता बोले- ये हमारी आस्था के खिलाफ

वॉशिंगटन । अमेरिका में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी के तहत अब अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारी अब गुरुद्वारों में भी अवैध अप्रवासियों की तलाश कर रहे हैं। होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारियों ने न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी के गुरुद्वारों में जाकर अवैध अप्रवासियों की तलाश की। हालांकि जांच अधिकारियों की इस कार्रवाई संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। एक बयान में सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड ने संवेदनशील जगहों जैसे पूजास्थलों, स्कूल आदि में तलाशी की आलोचना की। संगठन ने कहा कि गुरुद्वारे सिर्फ पूजा की जगह ही नहीं हैं बल्कि ये सामुदायिक भवन है, जो सिखों और अन्य समुदायों की मदद करते हैं। इस तरह गुरुद्वारों को निशाना बनाने से पूरे सिख समुदाय में नाराजगी पैदा होगी।

ने सिख संगठनों को नाराज कर दिया है और उन्होंने इसे आस्था से खिलवाड़ बताया है।

ट्रंप ने बदले नियम

न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी के कुछ गुरुद्वारों को लेकर माना जाता है कि वहां सिख अलगाववादी और अवैध अप्रवासी रहते हैं। पूर्व की बाइडन सरकार में ऐसे नियम थे कि पूजास्थलों, स्कूल आदि में आव्रजन और सीमा सुरक्षा जांच एजेंसियां कार्रवाई नहीं कर पाती थीं। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकारी आदेश से उस पाबंदी को खत्म कर दिया है। होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारियों का कहना है कि अब अपराधी और अवैध अप्रवासी स्कूलों, चर्च या अन्य पूजा स्थलों में छिप नहीं सकेंगे।

वहीं होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा गुरुद्वारों में छापेमार कार्रवाई का सिख एक अन्य संगठन ने कहा कि बिना वारंट या वारंट के साथ भी गुरुद्वारों की निगरानी करना अस्वीकार्य है। ये हमारी आस्था पर हमला है और इससे धार्मिक क्रियाकलाप प्रभावित होंगे।

सहयोग न करने वाले देशों पर लगाएंगे प्रतिबंध

अमेरिकी संसद के निचले सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने चेतावनी दी है कि जो भी देश अमेरिका से निर्वासित हुए अपने नागरिकों को वापस लेने में सहयोग नहीं करेगा, उस पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि ट्रंप सरकार ने अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करना शुरू कर दिया है। कोलंबिया ने पूर्व में अपने निर्वासित नागरिकों को वापस भेजने के अमेरिका के तरीके से नाराजगी जाहिर करते हुए अपने नागरिकों को वापस लेने से मना कर दिया था।

मध्य अफ्रीकी देश में चरम पर बवाल

सबसे बड़े शहर गोमा पर एम23 विद्रोहियों का कब्जा

गोमा । रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने सोमवार की सुबह पूर्वी कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा पर कब्जा कर लिया है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने इसके दो मिलियन लोगों के बीच बड़े पैमाने पर दहशत फैलने की बात बताई है।

कांगो की सरकार ने कहा कि विद्रोहियों का यह रवैया युद्ध का एलान है। एम23 विद्रोहियों ने शहर पर कब्जा करने का एलान एक बयान जारी की। यह बयान समूह द्वारा कांगो सेना को अपने हथियार डालने के लिए दी गई 48 घंटे की समय सीमा समाप्त होने से कुछ मिनट पहले जारी किया गया। इससे पहले बताया गया था किकांगो में एम23 विद्रोही और सहयोगी रवांडा सेना रविवार को गोमा के बाहरी इलाकों में घुस गए, जिसके कारण पूर्वी कांगों के मुख्य शहर गोमा का हवाई अड्डा बंद कर दिया गया। कांगो में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हजारों लोग लड़ाई से भाग रहे हैं, जिसमें कम से कम 13 शांति सैनिकों की भी मौत हो गई। रवांडा समर्थित एम23 विद्रोही समूह ने हाल के हफ्तों में सीमा पर कई क्षेत्रों में कब्जा कर लिया है। विद्रोही समूह अब 20 लाख की आबादी वाले गोमा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है और उसके बहुत करीब है। कांगों के हालात को देखते हुए रविवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की रविवार को आपात बैठक हुई।

विदेश सचिव मिस्री ने चीनी विदेश मंत्री से की मुलाकात भारत-चीन के रिश्ते बेहतर करने पर चर्चा

बीजिंग । विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर करने पर चर्चा की। भारत-चीन के रिश्ते को बेहतर करने के लिए विदेश सचिव विक्रम मिस्री चीन के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ बैठक के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि पिछले साल रूस के कजान में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक के बाद से दोनों देशों के बीच काफी सहमति बनी है। इसके बाद दोनों नेताओं ने सक्रिय बातचीत की है। साथ ही सभी स्तरों पर संबंधों में सुधार की प्रक्रिया को तेज किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को इस मौके पर लाभ

उठाना चाहिए।

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे से मिलना चाहिए और अधिक ठोस उपाय तलाशने चाहिए। हमें आपसी संदेह, आपसी अलगाव और आपसी उपभोग के बजाय आपसी समझ, आपसी समर्थन और आपसी उपलब्धि के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। वांग ने कहा कि चीन और भारत के संबंधों में सुधार और विकास दोनों देशों और उनके लोगों के बुनियादी हितों में है। वैश्विक दक्षिण देशों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए अनुकूल है। वांग ने कहा कि भारत और चीन के बीच अच्छे संबंध एशिया और दुनिया में दो प्राचीन सभ्यताओं की शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि में योगदान देने के लिए भी अनुकूल हैं।

रविवार को चीन पहुंचने के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के प्रमुख लियू जियानचाओ से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में भी दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं की सहमति को संयुक्त रूप से लागू करने, आदान-प्रदान और संवाद को मजबूत करने, चीन-भारत संबंधों के सुधार, विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया था। मिस्री चीन में भारत के राजदूत रह चुके हैं।

एक साल बाद उत्तरी गाजा लौटे फलस्तीनी

शुरूआती नाराजगी के बाद इस्राइल ने दी मंजूरी

गाजा । इस्राइल ने सोमवार को फलस्तीनी लोगों को उत्तरी गाजा लौटने की मंजूरी दे दी, जिसके बाद बीते कई दिनों से इंतजार कर रहे फलस्तीनी लोगों ने सोमवार सुबह सात बजे से उत्तरी गाजा लौटना शुरू कर दिया। युद्धविराम समझौते के तहत ही यह वापसी हो रही है। हालांकि रविवार को फलस्तीनी लोगों की वापसी अटकती नजर आ रही थी, जब इस्राइल ने हमास पर बंधकों की रिहाई में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए लोगों को उत्तरी गाजा लौटने से रोक दिया था। हालांकि बाद में मध्यस्थता के बाद मामला सुलझ गया।

हमास की बंधकों को रिहा करने में आनाकानी से बिगड़ गई थी बात : पहले फलस्तीनियों की रविवार को ही उत्तरी गाजा में वापसी होनी थी, लेकिन इस्राइल ने इसकी मंजूरी नहीं दी। इस्राइल ने अपनी महिला बंधक अर्बेल येहूद की रिहाई की न होने पर नाराजगी जताई और इसे युद्धविराम समझौते का उल्लंघन बताया। हालांकि तुरंत कतर ने मध्यस्थता की, जिसके बाद हमास अर्बेल येहूद और एक अन्य महिला सैनिक अगम बर्गर को रिहा करने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद इस्राइल ने भी फलस्तीनियों को उत्तरी गाजा जाने की इजाजत दे दी।

इस हफ्ते छह इस्राइली बंधक होने हैं रिहा

समझौते के तहत हमास इस हफ्ते इस्राइल के छह बंधकों को रिहा करेगा। इनमें से तीन बंधक गुरुवार को और तीन बंधक शनिवार को रिहा किए जाएंगे। युद्धविराम समझौते के बाद से हमास ने इस्राइल के सात बंधकों को रिहा कर दिया है। इसके बदले में इस्राइल ने 300 से ज्यादा फलस्तीनियों को अपनी जेलों से रिहा किया है। इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम का पहला चरण मार्च की शुरूआत तक चलेगा, जिसमें हमास इस्राइल के 33 बंधकों को रिहा करेगा। इसके बदले में इस्राइल करीब दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए तैयार हुआ है।

इस्राइल द्वारा रिहा किए जाने वाले कैदियों में से कई ऐसे हैं, जो आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इस्राइल के करीब 90 बंधक अभी भी हमास की कैद में हैं। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से एक तिहाई की मौत हो चुकी है। वहीं इस्राइल के गाजा में हमले में गाजा की करीब 90 फीसदी आबादी विस्थापित हुई है और गाजा का बड़ा हिस्सा इस लड़ाई में तबाह हो चुका है।

जर्मनी की चरमपंथी पार्टी एएफडी के खुलकर समर्थन में उतरे मस्क

हैले । दिग्गज अरबपति एलन मस्क अमेरिका में दक्षिणपंथी डोनाल्ड ट्रंप का सफल समर्थन करने के बाद अब जर्मनी की राजनीति में भी सक्रिय हो गए हैं। एलन मस्क जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी का समर्थन कर रहे हैं। शनिवार को एएफडी पार्टी

ने आगामी चुनाव के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरूआत की तो एलन मस्क ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित किया। हालांकि जर्मनी में ही एएफडी पार्टी का विरोध बढ़ रहा है और शनिवार को हजारों की संख्या में लोगों ने एएफडी पार्टी का विरोध किया।

18 फरवरी तक बढ़ा इस्राइल-हिजबुल्ला युद्ध विराम समझौता, अमेरिका ने कहा- हम रख रहे नजर

वॉशिंगटन । इस्राइल-हिजबुल्ला समझौते को अब 18 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। अमेरिकी व्हाइट हाउस ने कहा कि इस्राइल के सैनिकों की लेबनान से वापसी न होने के चलते यह फैसला लिया गया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच अमेरिका की निगरानी में चल रहा समझौता 18 फरवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि अमेरिका लेबनानी कैदियों की वापसी के लिए इस्राइल और लेबनान के साथ बातचीत भी करेगा।

दरअसल, उत्तरी मोर्चे पर लड़ाई को समाप्त करने के लिए इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच दो महीने के युद्ध विराम का समझौता हुआ था। समझौते की शर्त के तहत जहां इस्राइली सेना को दक्षिणी लेबनान से हटना था तो वहीं हिजबुल्ला लितानी नदी के दक्षिण में सीमा पर अपनी सशस्त्र मौजूदगी खत्म करेगा। जैसे ही इस्राइली सेना दक्षिणी लेबनान से हटेगी, लेबनानी सेना इन खाली क्षेत्रों में हजारों सैनिकों

को तैनात करेगी। इसके साथ ही लेबनानी सेना दक्षिणी लेबनान में पहले से ही मौजूद संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक बल को भी तैनात करेगी।

लेबनान में इस्राइली सेना की गोलीबारी में 22 की मौत

इस बीच दक्षिणी लेबनान में रविवार को इस्राइली सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। इसमें 22 लोगों की मौत हो गई और 124 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारी संघर्ष विराम के तहत इजराइली सेना की वापसी की मांग कर रहे थे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मृतकों में छह महिलाएं और लेबनानी सेना का एक जवान भी शामिल है। सीमा क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों में लोगों के घायल होने की खबर है।

दरअसल, इस्राइल-हिजबुल्ला युद्ध को रोकने के लिए नवंबर के अंत में संघर्ष विराम समझौते के तहत निर्धारित 60 दिन की समयसीमा में इस्राइली सेना को दक्षिणी लेबनान से हटना था।